
तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री

न्यूनतम 10.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

नो एंट्री जोन पर जूना बिलासपुर में दौड़ रहे रेत से भरे ट्रक



## खबर संक्षेप

### श्रीमद भागवत कथा आज से

**बिलासपुर।** श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 19 जनवरी से बजरंग चौक हनुमान मंदिर अरविंद नगर बंधवापारा सरकंडा वार्ड क्रमांक 63 में किया जा रहा है। इसके पूर्व



आज 18 जनवरी को आयोजन समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो शहर के विभिन्न स्थानों से होकर वापस कथा स्थल पहुंची। इस दौरान कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। 19 जनवरी से प्रारंभ इस श्रीमद भागवत कथा का समापन 25 जनवरी होगा। 26 जनवरी को हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। इसमें कथा वाचिका साधवी राधिका किशोरी श्रीधाम अयोध्या द्वारा अपनी मधुर वाणी से भगवान के विभिन्न लीलाओं से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगी।

### बीएड आनलाइन परीक्षा फार्म भराना शुरू

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा 2025-26 में सम्मिलित होने वाले बीएड द्विवर्षीय पाठयक्रम में प्रवेशित नियमित भूतपूर्व विद्यार्थियों का नामांकन, परीक्षा आवेदन यूनिवर्सिटी के अधिकृत वेब पोर्टल में आनलाइन भराना शुरू हो गया है। यूनिवर्सिटी ने 15 जनवरी से पोर्टल ओपन कर दिया है। बीएड द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क के साथ उपाधि शुल्क भी देना होगा।

### पीजी के लिए आवेदन तिथि 20 तक बढ़ाई

**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस एग्जाम सीयूईटी पीजी 2026 के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि 20 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। सीयूईटी पीजी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पहले 14 जनवरी तक निर्धारित की गई थी। एनटीए द्वारा इस बार करीब दो माह पहले से ही सीयूईटी के लिए आनलाइन आवेदन भराए जाने की शुरुआत की गई है। इससे पूर्व के वर्षो में मार्च या अप्रैल माह में आवेदन भराया जाता था। इसलिए इस बार सीयूईटी एग्जाम भी जल्दी होने की संभावना है। सीयूईटी पीजी के लिए 14 दिसंबर से आनलाइन आवेदन भराया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 14 जनवरी को हो गई थी। लेकिन एनटीए ने इसे बढ़ाकर 20 जनवरी तक कर दिया है।

### कबाड़ी दुकान में पुलिस का छापा, दुकान सील



**बिलासपुर।** इमरान के कबाड़ी दुकान में पुलिस ने छापामार कार्रवाई है। उसके दुकान में बड़ी संख्या में कबाड़ के सामान मिले हैं। चोरी के सामान के संदेह में सामान होने पर पुलिस कबाड़ दुकान को सील कर दिया है। रविवार को एसएसपी रजनेश सिंह को सूचना दी। पुराना बस स्टैण्ड स्थित मो. इमरान कबाड़ी भी दुकान में चोरी के सामान की खरीदी बिक्री कर रहा है। उनके निर्देश पर सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने स्टाप के साथ कबाड़ दुकान में दबिश दी। दुकान के अंदर कबाड़ का भण्डार भरा हुआ था। बताया जाता है कबाड़ में वाहनों के कटे हुए पार्ट्स भी मिले हैं। पुलिस ने कबाड़ी के कबाड़ दुकान सील कर दिया है। कबाड़ी को कबाड़ के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया है।

# 59 वार्डों में पाइप लाइन नालियों में डूबी, कुदुदण्ड, मगरपारा में 15 दिनों से गंदा पानी आ रहा, शहरवासी लगातार हो रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायधानी बिलासपुर में वर्षों से नालियों और ड्रेनेज के बीच से गुजर रही जर्जर पाइपलाइनों के जरिए घरों तक गंदा पानी पहुंच रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि लोग पानी को छानकर और उबालकर पीने को मजबूर हैं, फिर भी डायरिया, उल्टी-दस्त और पेट की बीमारियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

शहर में अब भी 267 स्थानों पर पेयजल पाइप लाइनें नालियों और नालों के बीच से होकर गुजर रही हैं। सर्वेक्षण में यह पाया गया था कि 59 वार्डों में पाइप लाइनें नालियों में डूबी हुई हैं, जिससे मलमूत्र युक्त गंदे पानी की सप्लाई और डायरिया फैलने की आशंका बनी रहती है। कुदुदण्ड में तो पिछले 15 दिनों से गंदा पानी ही घरों में आ रहा। 10 से अधिक लोग बीमार भी पड़ चुके हैं। यही हाल सिविल लाइन थाने के पीछे का है। गंदा पानी से बच्चे बीमार हो रहे हैं। तालापारा और तारबाहर क्षेत्रों में पहले भी दूषित पानी के कारण उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रहीं हैं।

खास खबर







पानी को छानकर और उबालकर पीने को मजबूर हैं शहरवासी, तालापारा और तारबाहर क्षेत्रों में पहले भी दूषित पानी की शिकायत

### 10 वर्षों में 400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च

गौरतलब है कि नगर निगम ने बिलासपुर की पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए पिछले 10 वर्षों में 400 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए हैं। वर्ष 2007 से 2017 के बीच जल आवर्धन योजना में 81 करोड़ और अमृत मिशन के तहत 100 करोड़ रुपये खर्च कर 276 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई, लेकिन इसके बावजूद शहरवासियों को शुद्ध पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। शहर के अधिकांश हिस्सों में जल वितरण की बड़ी समस्या यह है कि दो से तीन अलग-अलग योजनाओं की पाइप लाइनें एक ही स्थान पर बिछी हुई हैं। कर्मचारियों के अनुसार, जंग लगी पुरानी पाइप लाइनों और नई पाइप लाइनों के उलझाव के कारण लीकेज सुधारने में घंटों का समय लग जाता है, जिससे जलापूर्ति बाधित होती है।

### चार किमी पाइप लाइन बदले जाने का दावा

नगर निगम के मुताबिक शहरी क्षेत्र में लगभग चार किलोमीटर तक की पाइप लाइन नाली और नालों से होकर गुजर रही थी, जिन्हें बदलकर दुरुस्त कर लिया गया है। इसके अलावा अमृत मिशन के तहत शहर की 200 किलोमीटर से अधिक पाइप लाइन बदली जा चुकी है। अधिकांश पुरानी पाइप लाइनें, जो नालियों के ऊपर या भीतर से गुजर रही थीं और जिनसे संक्रमण की संभावना बनी रहती थी, अब बदल दी गई हैं।

### पाइप सुधारने के निर्देश दिए गए हैं

गंदे और दूषित पानी कि शिकायत पर चिंराजपारा और लिंगियाडीह में सप्लाई का जायजा लिया गया है। शहर के दूसरे हिस्सों में ध्यान रखने की हिदायत अधिकारियों को दी गई हैं। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। जहां नालियों में पाइप लाइन है वहां बदला जा रहा है।

**- प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

### गंदे पानी से इस तरह फैलीं बीमारियां

- **2016-** बिलासपुर शहर 200 से ज्यादा लोग डायरिया से बीमार
  वजह : नालियों के पास लीकेज पाइपलाइन
- **2024-** बिलासपुर शहर (वार्ड 13, 16 सहित कई वार्ड) करीब 1000 लोग डायरिया की चपेट में
  वजह : ड्रेनेज और पानी की पाइपलाइन का आपसी संपर्क
- **2022-** रतनपुर नगर 100 से अधिक मरीज, कई अस्पताल में भर्ती
  वजह : पुरानी पाइपलाइन क्लोरीन की कमी
- **2023-** कोटा क्षेत्र डायरिया और पीलिया के दर्जनों मामले
  वजह : नाले से सटी पाइपलाइन

180 सीट वाले इस प्लेनेटोरियम में मुश्किल से 15-20 लोग पहुंचते हैं

# 7 करोड़ रुपए में बना प्रदेश का पहला तारामंडल हो रहा बरबाद, न शो चल रहे ना दर्शक पहुंच रहे


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी द्वारा 7 करोड़ रुपए में बनाया गया प्रदेश का पहला तारामंडल दो भर बाद भी आबाद नहीं हो सका है। लाखों की मशीनरी तो लगा दी गई है, लेकिन तारों की उत्पत्ति से लेकर उनके जीवन की कहानी देखने लोग पहुंच ही नहीं रहे हैं। बड़ी मुश्किल से सप्ताह में एक दो शो ही चल रहे हैं उसमें भी 15-20 दर्शक ही पहुंचते हैं। कैंटीन और लाइब्रेरी के लिए अभी भी तोड़फोड़ जारी है। हालांकि स्मार्ट सिटी ने इसके संचालन के लिए एक ठेकेदार को जिम्मा दिया है, जिसने गार्डन तो ठीक बनाया है। स्माल आर्ट गैलरी के अलावा वेटिंग रूम, लॉबी, कैंटिन सहित कोई काम नहीं हो सके हैं। सबसे बड़ी बात कि निगम ने यहां चौपाटी बनाने 20 दुकानों के लिए टेंडर किया था। 19 लाख रुपए के इस काम के टेंडर, वर्क आर्डर के साथ महापौर ने भूमिपूजन भी कर दिया, लेकिन दुकानें नहीं बन सकीं।

व्यापार विहार में बना प्लेनेटोरियम एक तरह से किसी काम का नहीं रह गया है। इसका प्रचार-प्रसार ठीक से नहीं होने के कारण लोग देखने जा ही नहीं रहे हैं। ज्ञान विज्ञान की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिए निर्माणाधीन प्लेनेटोरियम अव्यवस्था का शिकार होता जा रहा है। परिसर में बनाई गई सीसी रोड में दरार पड़ने लगी है। ऑक्सीजोन में लगाए गए पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए इंतजाम तो है लेकिन प्रस्तावित तालाब का पता नहीं है। तालाब के सौंदर्यीकरण की बातें केवल कागजों में है। प्रवेश द्वार के बाहर सीसी रोड की ऊंचाई बढ़ाए जाने से परिसर की बाउंड्री वाल बहुत छोटी हो गई है।

### डोम का साउंड खराब तो सिलिंग गिर रही

प्रचार-प्रसार ठीक से नहीं होने के कारण लोग देखने जा ही नहीं रहे हैं






### मुश्किल से सप्ताह के अंत में एक दो शो

यहां के एक स्टाफ ने बताया कि सप्ताह भर में शनिवार और रविवार को ही एक दो शो मुश्किल से चल पाते हैं। इसमें भी 180 सीट वाले इस तारामंडल में मुश्किल से 15-20 लोग पहुंचते हैं। गौरतलब है कि बिलासपुर का तारामंडल रायपुर की अपेक्षा बड़ा और बेहतर है। रायपुर में 150 सीटर अनफिक्स(अस्थाई टेंटवाला) प्लेनेटोरियम का निर्माण किया गया है जबकि बिलासपुर में व्यापार विहार में स्थित प्लेनेटोरियम 200 सीटर है और फिक्स है। मतलब कि इसकी छत तथा अन्य निर्माण आरसीसी के स्थाई हैं। दर्शक प्लेनेटोरियम के ऊपरी हिस्से को पुश बैक चेयर में बैठ कर तारामंडल का लुत्फ उठा सकते हैं। स्क्रीन आरसीसी डोम के नीचे फाइबर की लगाई गई है। इस प्लेनेटोरियम का पूरा परिसर 3.34 एकड़ का है।

### इस तरह की है अव्यवस्था

पानी टंकी खुली पड़ी है, ढक्कन नहीं लगा है। पाईप लाइन (पम्प हाउस) एवं पानी टंकी से तारामंडल का पाइप लाइन नहीं जोड़ा जा सका है। डोम के अंदर पानी गिर रहा है तो डोम के उपर कलर निकल गया है। डोम के अंदर ग्लासवूल के उपर नेट का काम बाकि है तो यू.पी.एस आनलाइन वाला 20 के.बी.ए की जरूरत दो सालों से है। बाथरूम के नल का काम बचा है तो डोम से बाहर निकलने वाले गेट के उपर की सिलींग गिर रही है जिसकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। डोम के अंदर साउण्ड सिस्टम खराब है। गार्डन में अंदर नाली खुली पड़ी है। ओपन जिम के सामान की रिपेरिंग एवं झूले का सामान नहीं है। फायर फायटर का कार्य अधूरा है जिसे पूर्ण कराना है।

### 19 लाख का वर्क आर्डर फिर भी चौपाटी नहीं बनी

ज्ञात हो कि तारामंडल के संचालन का ठेका जयपाल मुदलियार को दिया गया है। 2.80 लाख रुपए सालाना में दिए गए इस ठेके में अनुबंध के तहत निगम को तारामंडल के बगल में ही 20 दुकानें बनानी थीं। इसे चौपाटी की तरह विकसित किया जाना था। निगम ने दुकानों के लिए 19 लाख रुपए का टेंडर निकालकर वर्क आर्डर भी जारी कर दिया। महापौर ने भूमिपूजन भी कर दिया लेकिन काम शुरू नहीं हो सका। अब कहा जा रहा है कि इसके लिए फंड ही नहीं है। अब चौपाटी और दुकानों के नहीं बनने से यहां आने वालों के लिए खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। ठेकेदार ने इस बारे में निगम आयुक्त से कई बार मुलाकात की लेकिन कोई हल नहीं निकल सका है।

### संवारा जाएगा तारामंडल

बिलासपुर में बना तारामंडल एक बड़ी उपलब्धि है। इसे संवारने की दिशों में जो भी कदम होंगे उठाएं जाएंगे। अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी कि आखिर दुकानें क्यों नहीं बनीं और चौपाटी विकसित क्यों नहीं हो सकी।

**- प्रकाश कुमार सर्वे**
निगम आयुक्त

# योजना सांख्यिकीय विभाग करेगा विवाह पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन द्वारा विवाह का पंजीयन कर प्रमाणपत्र जारी करने की व्यवस्था तो बनाई गई है, लेकिन इस कार्य के लिए जिला स्तर पर किसी भी विभाग को नोडल नहीं बनाया जा सका है। शासन द्वारा अब विवाह पंजीयन संबंधी कार्य की जिम्मेदारी भी जिला योजना एवं सांख्यकीय विभाग को सौंपने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में शासन द्वारा सभी कलेक्टरों को भी पत्र जारी किया गया है।

- जिला स्तर पर अब तक विवाह पंजीयन का कोई नोडल विभाग तय नहीं

प्रदेश में विवाह पंजीयन से संबंधित कार्य भी अब जल्द ही योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश के विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा इस संबंध में सहमति प्रदान की जा चुकी है। प्राप्त सहमति के आधार पर भविष्य में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग विवाह पंजीयन कार्य हेतु नोडल विभाग के रूप में कार्य कर सकेगा।

उल्लेखनीय है कि कोर्ट मैरिज करने वाले जोड़ों को तो विवाह का प्रमाणपत्र आसानी से प्राप्त हो जाता है, लेकिन वैदिक रीति-रिवाज से विवाह करने वालों को विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त करने में दिक्कत होती है। जिले में किसी भी विभाग को इसका नोडल नहीं बनाए जाने के कारण लोगों को इस बात की जानकारी ही नहीं है कि विवाह प्रमाणपत्र के लिए किस विभाग में आवेदन प्रर्स्तुत करना है। हालांकि पंचायत एवं निकाय स्तर पर विवाह पंजीयन अपने-अपने द्वारा तय नियम एवं शर्तों के आधार पर जारी किए जा रहे हैं, लेकिन जिला मुख्यालय में निवास करने वालों का संबंधित विभाग के संबंध में दुविधा है, जो कि अब बहुत जल्द दूर हो जाएगी। शासन द्वारा इस कार्य के लिए जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग को ही जिम्मेंदारी सौपी जाने वाली है।

### इन बिंदुओं पर मांगी गई जानकारी

शासन द्वारा विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों से चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। इसके अंतर्गत सभी जिलों से पहले बिंदु में पूछा गया है कि यदि इस संबंध में अपील का प्रावधान है तो किस चैनल के माध्यम से अपील की सुनवाई होती है? दूसरे बिंदु में निर्देश/अधिसूचना की प्रति मांगी गई है, जिससे प्रक्रिया स्पष्ट हो सके। तीसरे बिंदु में विवाह पंजीयन हेतु आवश्यक समस्त दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई है। इसी तरह विवाह पंजीयन हेतु निर्धारित समयावधि, विवाह पंजीयन करने एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने हेतु आवश्यक माध्यम (ऑनलाइन अथवा ऑफ़लाइन) एवं लिए जाने वाले शुल्क का विवरण भी पूछा गया है।

### की जा रही तैयारी

वर्तमान में पंचायत एवं निकाय स्तर पर विवाह पंजीयन एवं प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर नोडल विभाग बनाने की तैयारी चल रही है।

**- एनके नेताम,** उप संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

शिवतराई के साथ ही जाकड़बांधा की ओर से आने वाले रास्ते पर जांच शुरु

# एटीआर के ग्रामीण भी बिना जांच कराए अंदर नहीं कर पाएंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अब अचानकमार टाइगर रिजर्व में रहने वाले ग्रामीणों को भी बिना सामानों की जांच कराए अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। बेरियर से अंदर गांव में प्रवेश करने से पहले गाड़ियों में रखे सामान के साथ पूरी चेकिंग के बाद ही उन्हें अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। एटीआर प्रबंधन ने अब शिवतराई के साथ ही जाकड़बांधा की ओर से आने वाले रास्ते पर कड़ी जांच शुरु कर दी है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में कुछ दिन पहले एक बहुत बड़ी घटना हो गई थी। यहां के कोर जोन में प्रवेश करने के लिए सैलानियों को पहले शिवतराई के बेरियर में रूकने के बाद अपनी गाड़ियों को छोड़कर जिप्सी में भ्रमण करने की अनुमति है, लेकिन लोरमी के रास्ते से जाकड़बांधा होते हुए कोर जोन के सुरही रेंज में प्रवेश के लिए बेरियर होने के बाद भी कुछ लोग बैरियर गार्ड की लापरवाही के कारण अंदर प्रवेश कर रहे थे। इस



परिस्थिति में पिछले माह 27 दिसम्बर को चार युवक अपनी गाड़ी लेकर जाकड़बांधा बेरियर से सुरही रेंज में पहुंचे और वहां पहुंचकर बंदूक से फायरिंग करने के अलावा आग भी जलाई। इस घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए एटीआर प्रबंधन ने अब एक कड़ा नियम बना दिया है। इस नियम के तहत अब एटीआर के कोर और बफर जोन में रहने वाले ग्रामीण भी बिना अपनी जांच कराए अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे।



**रिश्तेदारों की भी चेकिंग :** एटीआर के कोर और बफर जोन के 19 गांव में बसे ग्रामीणों से मिलने के लिए पहले उनके रिश्तेदार भी आते थे, जो आसपास के गांव में या बाहर रहते थे। इन रिश्तेदारों की ग्रामीणों ने बेरियर में पहचान भी करा दी थी, जिसके कारण उन्हें बिना जांच के ही अंदर प्रवेश करने की अनुमति दे दी जाती थी। नए नियम के तहत ग्रामीण से मिलने वाले रिश्तेदारों के सामानों और उनकी गाड़ी की जांच होगी।

### शाम 6 के बाद मार्केट बंद

अचानकमार टाइगर रिजर्व के अचानकमार और छपरवा सहित अन्य एरिया में सब्जी मार्केट और अन्य दुकानें लगती हैं। यहां पूर्व में मार्केट लगने का समय रात 9 बजे का था। इसे घटाकर अब शाम 6 बजे कर दिया गया है। स्थानीय समितियों और ग्रामीणों से भी इसके लिए सहयोग लिया जा रहा है, ताकि मार्केट में शाम को सूरज ढलने के बाद किसी भी अजनबी का प्रवेश न हो सके।

### रोस्टर में होगी चौकीदार की उपस्थिति

प्रबंधन के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व के बफर के अलावा कोर जोन में संरक्षण सुदृढ़ किया गया है, जिसमें पैदल गार्ड और अन्य कर्मचारी नियमित रूप से दिन और रात दो समय बेरियर से अंदर तक पेट्रोलिंग कर रहे हैं। वहीं चौकीदार की उपस्थिति के लिए रोस्टर भी बनाया गया है। एटीआर की जिप्सी से वाहन पेट्रोलिंग भी मुख्य रूप से अचानकमार जोन और सुरही जोन में कराई गई है।

### बढ़ाई गई बेरियर की संख्या

एटीआर में अंदर प्रवेश करने के लिए शिवतराई बेरियर और जाकड़बांधा बेरियर लोरमी की ओर से आने वाले रास्ते में हैं। इन मुख्य बेरियर से कोर और बफर जोन में प्रवेश किया जा सकता है। इसके अलावा शिवतराई, बारीघाट, अचानकमार, दुर्गा मंदिर, तिरईडबरा, केंवची, अतरिया, कटामी, जल्दा, सुरही, कंचरपुर, जोगीपुर सहित अन्य स्थानों पर पुराने बेरियर के साथ एक नए बेरियर लगाकर संख्या भी बढ़ाई गई है।

### सुरही रेंज में रहेगी तीसरी आंख

प्रबंधन का मुख्य फोकस जाकड़बांधा और सुरही रेंज में हैं, जहां कुछ दिन पहले फायरिंग की घटना हो चुकी है। एटीआर के अंदर अब तक न तो बिजली के करंट पहुंचे हैं और न ही मोबाइल के नेटवर्क पहुंच पाते हैं। प्रबंधन ने जाकड़बांधा और सुरही रेंज में बिजली की व्यवस्था के लिए 25 सोलर लाइटिंग क्रय किया है। इसके अलावा जाकड़बांधा और सुरही रेंज में सीसी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत सोमवार 19 जनवरी से हो जाएगी।

### बढ़ाई जा रही सुरक्षा व्यवस्था

एटीआर के अंदर संरक्षण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़ा नियम बना दिया गया है। नियमित पेट्रोलिंग के साथ ग्रामीणों के अंदर प्रवेश करने से पहले भी जांच की जाएगी। वहीं रोटेशन के अनुसार सारे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के अलावा जिस स्थान पर अतिरिक्त बेरियर की आवश्यकता है वहां बेरियर लगाए जा रहे हैं। वहीं सीसी कैमरे से भी आने-जाने वालों पर निगरानी की जाएगी।

**- यूआर गणेश,** डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब बिलासपुर वरदान ने की लंगर सेवा



**बिलासपुर।** लायंस क्लब ऑफ बिलासपुर वरदान ने फूड फॉर हंगर के अंतर्गत श्रीराम रसोई में लंगर सेवा की। इसमें 200 लोग लाभान्वित हुए। इस सेवा कार्य में क्लब की जनक शशि आहूजा, अध्यक्ष श्रद्धा खंडूजा, सचिव वंशिका वर्मा, कोषाध्यक्ष स्वाती सिंह, सिमरन कौर सलूजा, डॉ अदिति सहगल, तमन्ना प्रीतवानी, रोमी लूथरा, दिवजोत कौर का विशेष सहयोग रहा।

### संस्कार फाउंडेशन ने कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों व मातृशक्ति से भेंट की



**बिलासपुर।** श्री संस्कार फाउंडेशन ने मकर संक्रांति पर कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों व मातृशक्ति से भेंट की, उनका हालचाल जाना और वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिया। मकर संक्रांति पर नाश्ते की व्यवस्था तिल के लड्डू मिठाई एवं फल फ्रूट की व्यवस्था की गई। अध्यक्ष सोनिया साहू ने कहा समाज के हर वर्ग के साथ खड़े रहना और मानवीय मूल्यों को जीवंत रखना ही जनसेवा का सच्चा उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में संस्था के लोग रश्मि दीक्षित, श्वेता सिंह, पुष्पा साहू, निहारिका चटर्जी, राजकुमारी द्विवेदी, अमरजीत सिंह टुटेजा, चंचल सलूजा मौजूद रहे।

### मां मैत्रायणी योगिनी के महानिर्वाण दिवस पर फल, नमकीन का वितरण



**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी सेंदरी में मां मैत्रायणी योगिनी का 33वां महानिर्वाण दिवस भक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान समूह के सदस्यों ने अंध-मूक बधिर स्कूल तिफरा व कल्याणकुंज वृद्ध आश्रम में जाकर फल व नमकीन सामान का वितरण किया। शाखा के सदस्यों ने श्री सर्वेश्वरी समूह के मुख्य उद्देश्यों की जानकारी दी। सर्वप्रथम अघोरेश्वर महाप्रभु बाबा भगवान राम की त्यागमनी मां मैत्रायणी योगिनी की तैल चित्र में माल्यार्पण, धूप-दीप, पूजन, आरती, हवन पश्चात सफलयोनी का पाठ किया गया। इसके बाद लघु गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने मां मैत्रायणी योगिनी के जीवन के बारे में जानकारी दी। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

### कलिंगा विवि ने मनोज, विनय और सुशील को बेस्ट टीचर अवार्ड से किया सम्मानित



**बिलासपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने मनोज कुमार यादव, विनय तिवारी और सुशील पटेल को " बेस्ट टीचर अवार्ड 2025 " से सम्मानित किया है। भारत देश के अलग-अलग राज्यों से आए हुए शिक्षकों के बीच बेस्ट टीचर्स अवार्ड 2025 में बिलासपुर जिले के व्याख्याता मनोज कुमार यादव पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्करभाठा, विनय तिवारी व्याख्याता उमावि बहतराई और सुशील पटेल व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिट्ठू नवागांव को प्राप्त हुआ। इसमें 2024 की उपलब्धियों को आधार माना गया जिसके लिए क्राइटेरिया रहा। डिप्टी डायरेक्टर एएन बंजारा शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों के कार्यों की सराहना की और सभी प्रकार से जीवन में सामंजस्य बनाने के लिए जीवनदर्शन की जानकारी प्रदान की। इस पुरस्कार को आयोजित कर शिक्षकों में ऊर्जा का संचार तथा प्रेरित करने के लिए करने के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय का सभी शिक्षकों ने आभार व्यक्त किया है।

### सक्षम ने की यातायात नियमों का पालने करने की अपील



**बिलासपुर।** दिव्यांगों के संपूर्ण विकास के लिए समर्थित संस्था सक्षम सेवा संस्था की नगर इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगला चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने निवेदन कर समझाइश दी गई। हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाने वालों (लगभग 100 लोगों)को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा समिति के पदाधिकारी उमाशंकर पाण्डेय, सक्षम सेवा संस्थान के अनूप कुमार पाण्डेय, अंजलि चावड़ा, निर्मल कुमार घोष, राजेश पांडेय, पूनम पांडेय, मदन मोहन गुल्ला, मंजू यादव,एस रविशंकर, संगीता शर्मा, सीता साहू, सीता प्रधान, श्रीजन सोनी आदि उपस्थित रहे। सक्षम के पदाधिकारियों का कहना है कि हमारे द्वारा अभियान चलाकर लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया जाता है इसके अलावा स्वच्छता पर भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाता है। इसे समिति के सभी सदस्यों का सहयोग हमें मिलता है।

---

**करोड़ों खर्च होने के बाद भी टेंट लगाकर होते हैं मैच** | **पीडब्ल्यूडी और खेल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से बेड़ागर्क**

# 4 करोड़ खर्च, फिर भी नहीं मिला कबड्डी मैदान, अब 3 करोड़ का भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बहतराई स्टेडियम में बने इंडोर और आउटडोर कबड्डी मैदान सफेद हाथी साबित हो रहा है। 2 सालों से निर्माण कार्य और 4 करोड़ खर्च करने के बाद भी खिलाड़ियों के लिए मैदान खेलने लायक नहीं है। हालत यह है कि हाल ही में हुए कबड्डी मैचों को टेंट लगाकर आयोजित कराया गया है, ऐसे में सरकारी रूपयों की बर्बादी साफ तौर दिखाई देती है।

3 साल पहले खेल विभाग बहतराई स्टेडियम में कबड्डी मैदान बनाने की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी,पीडब्ल्यूडी ने 26 मई 2023 को कबड्डी मैदान का ठेका दिया। 4 करोड़ 80 लाख की लागत से इंडोर और आउटडोर कबड्डी मैदान बनाया जाना था, लेकिन ढाई साल बीतने के बाद भी दोनों मैदान अधूरे है। हालत यह है कि आउटडोर कबड्डी मैदान में 5 फीट से ऊपर के गाजर घास उग चुके है, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार गर्मी के दिनों में इसे साफ कराया गया था लेकिन बारिश के बाद एक बार फिर उग आए है, यह मैदान खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध ही नहीं है। कुछ ऐसा ही हाल इंडोर कबड्डी मैदान का भी है, कंस्ट्रक्शन का काम खत्म होने के बाद ठेकेदार भाग खड़ा हुआ है, लेकिन खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार यहां मैच नहीं कराए जा सकते है। दरअसल कांक्रीट कर मेट बिछाई गई है, जबकि मैदान में मेपल वुड लगाया जाना आवश्यक है।



आउटडोर कबड्डी मैदान में उग आए 5 फीट से ऊपर गाजर घास।

हाल ही में हुए युवा महोत्सव के दौरान कबड्डी की कई टीम अलग-अलग जिले और शहरों से पहुंची थी, लेकिन इस दौरान कबड्डी मैदान तैयार नहीं था, ऐसे में खेल विभाग ने टेंट में प्रतियोगिता आयोजित कराई थी। बहतराई स्टेडियम से कबड्डी मैदान का इंतजार क्षेत्र के दिग्गज खिलाड़ी कर रहे हैं, वहीं पीडब्ल्यूडी और खेल विभाग की उदासीनता से खिलाड़ियों में निराशा हावी हो रही है। बताया जा रहा है कि इनडोर पर 2 कोर्ट और आउटडोर पर 3 कोर्ट बनाए गए है लेकिन यहां आज तक मैच नहीं हो सका है।

### अब 3 करोड़ का नया प्रस्ताव

इंडोर कबड्डी मैदान में एयर कंडिशन की व्यवस्था की जानी है, दरअसल यह टीन शेड द्वारा निर्माण कराया गया है, जिसमें बिना फाल सिलिंग के रह पाना मुश्किल है। वहीं मेपल वुड भी नहीं लगाया गया है। कुल मिलाकर कबड्डी मैच के दौरान दर्शकों को परेशान होना पड़ेगा, इस समस्या को देखते हुए पीडब्ल्यूडी 3 करोड़ का अतिरिक्त प्रस्ताव बनाया है और स्वीकृति के लिए रायपुर भेज दिया है।

### जानकारी ली जाएगी

अधिकारियों से चर्चा कर कबड्डी मैदान क्यों तैयार नहीं हो सका है इसकी जानकारी ली जाएगी। इसका निरीक्षण किया जाएगा और जल्द से जल्द शुरू कराया जाएगा।

**-आरके रात्रे,** सीई, पीडब्ल्यूडी

---

**7 दिन दिल्ली के लिए फ्लाइट चलाने की मांग**

# दिल्ली का किराया 10 हजार, उड़ान कम होने का बिलासपुर भुगत रहा खामियाजा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से दिल्ली की यात्रा करने वाले लोगों को खासी मुसीबत झेलनी पड़ रही है, अलायंस एयर द्वारा दिल्ली के लिए महज 3 दिन की उड़ान दी जा रही है, जिससे लोगों को रायपुर से दिल्ली जाने की नौबत आ रही है, इस दौरान दिल्ली के उड़ान का किराया 10 हजार पहुंच चुका है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने सप्ताह में 7 दिन दिल्ली के लिए फ्लाइट चलाने की मांग की है।

जानकारी देते हुए समिति ने बताया कि 19 जनवरी के लिए दिल्ली का टिकट 8500 से लेकर 12 हजार में मिल रहा है। वहीं रात 12 बजे दिल्ली पहुंचने वाली फ्लाईट में किराया 6 हजार का है। जाहिर सी बात है कि इस उड़ान में लोग नहीं जा सकेगें। सदस्यों ने कहा कि कई लोग नागपुर से दिल्ली की फ्लाइट पकड़ने की सोचते है, जबकि बिलासपुर से रायपुर तक टैक्सी का खर्च 2 हजार है, और ट्रेन से नागपुर जाने में 1 हजार रूपए खर्च होते हैं। नागपुर से दिल्ली का किराया 6हजार के आसपास होता है। ऐसे में बिलासपुर से दिल्ली की फ्लाइट कम होने का खामियाजा लोगो को भुगतना पड़ रहा है। सरकार को मालूम है कि रायपुर एयरपोर्ट से अकेले पूरे छत्तीसगढ़ में पर्याप्त हवाई सेवा नहीं दी जा सकती है लेकिन इसके बावजूद बिलासपुर जैसे अन्य शहरों में बड़ा एयरपोर्ट और नई उड़ानों नहीं चलाई जा रही है।

### धरने में यह रहे शामिल

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना रविवार को जारी रहा, इस दौरान अनिल गुलहरे, समीर अहमद, बबला बद्री,देवेंद्र सिंह ठाकुर, प्रतीक तिवारी, शिरीष कश्यप, मजहर खान,गोपी राव, महेश दुबे, आमिर खान, संदीप बाजपेई, परसराम कैवर्त, बद्री प्रसाद शामिल रहे।

### न्यूनतम किराया व सब्सिडी में भी बदलाव की जरूरत

■ ओपन टेंडर कर कंपनियों को बुलाने की सरकार करे पहल

राज्य सरकार और अलायंस एयर के बीच किए गए एमओयू में सुधार की गुंजाईश है। यह बात हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों कही। सदस्यों ने कहा कि अंबिकापुर और जगदलपुर एयरपोर्ट पर उड़ाने संचालित की जा रही है, राज्य सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। अलाइंस एयर के पास पर्याप्त उड़ान नहीं है। समिति ने कहा कि मार्च 2024 से जगदलपुर-बिलासपुर एयरपोर्ट के बीच अलाइंस एयर के द्वारा हवाई सेवा शुरू है, एमओयू में ऐसी शर्त है जिसके कारण सब्सिडी देने और कंपनी को नुकसान से बचाने का जुगाड़ ढुंढा गया है। राज्य सरकार करोड़ों रुपए की सब्सिडी के तहत दे रही है लेकिन इसका फायदा बिलासपुर को नहीं मिल रहा है। अव्यवहारिक तौर पर न्यूनतम किराया तय किया गया है लेकिन टिकट कम उपलब्ध रहते है। इसके विपरित सब्सिडी बढ़ जाती है। दूसरी और जबलपुर से जगदलपुर जैसे रूट पर यात्री नहीं मिल रही है, जिसमें सर्वाधिक सब्सिडी व्यर्थ हो रही है। जगदलपुर से जबलपुर के बजाय बिलासपुर या और जगदलपुर से दिल्ली की उड़ान मिली चाहिए। समिति ने कहा कि ओपन टेंडर के जरिए एयरलाइन कंपनियों को ठेका देने के लिए बुलाना चाहिए। इस दौरान अनिल गुलहरे,शेख अल्फाज, प्रतीक तिवारी, मजहर खान, चित्रकांत श्रीवास, प्रकाश बहरानी, हरप्रसाद कैवर्त,महेश दुबे,मनोज तिवारी, विजय वर्मा, आशुतोष शर्मा, सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

---



# आवारा कुत्तों ने पुलिसकर्मी सहित 8 लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 5 दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद

नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही लोगों की जान जोखिम में डाल रही है। मसानगंज, सहगल गली, महिला थाना रोड, पुलिस क्वार्टर के पीछे की सड़क जैसे इलाकों में पिछले 5 दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद है। इस दौरान आवारा कुत्ते लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं।

सड़कों पर अंधेरा होने का खामियाजा लोग भुगत रहे हैं, मसानगंज जैसे इलाके में पिछले 5 दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद है। इसकी सूचना नगर निगम के कर्मचारी और पार्षद को दी गई है, लेकिन इसके बावजूद सुधार नहीं हो सका है। ऐसे में आवारा कुत्ते लोगों को शिकार बना रहे है। महिला थाना के पास रहने वाले पुलिस कर्मी को भी कुत्तों ने काट दिया है, इसके साथ ही 7 अन्य लोगों को कुत्तें ने काटा है। जिससे क्षेत्र के लोग रात में घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

### सिम्स पहुंचा मासूम



सिम्स में भर्ती आशु 7 वर्षीय बालक कुत्ते के हमले से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि कतेकीकला पेंड्रा के रहने वाले ईश्वर दास का बेटा आशु शनिवार की शाम को घर के बाहर खेल रहा था, मोहल्ले में ही रहने वाला कुत्ता अचानक से पागलों की तरह हरकत करने लगा, इससे पहले कोई समझ पाता उसने आशु को अपना शिकार बना लिया। मोहल्ले के लोगों ने कुत्ते को मार कर भगाया और उसे बचा लिया। पिता ने उसे सिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

---

## जन्मजात घुटने की समस्या से पीड़ित था 5 वर्षीय बालक, सिम्स में मिला सफल इलाज

**बिलासपुर।** सिम्स आर्थोपेडिक विभाग के डाक्टरों ने हैबिचुअल पटेला डिस्लोकशन यानी घुटने की समस्या से पीड़ित 5 वर्षीय बच्चे का सफल आपरेशन कर दिखाया है। यह समस्या जन्मजात थी, लेकिन दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चा अब सामान्य जीवन जी सकेगा।

जानकारी के अनुसार लोरमी निवासी 5 वर्षीय बालक गुलशन साहू 27 दिसंबर को अपने चाचा के साथ सिम्स के आर्थोपेडिक वार्ड पहुंचा। जैसे ही बच्चा चलने की कोशिश करता है घुटने की कटोरी बार-बार खिसक जाती थी, जिससे चलने-फिरने में कठिनाई हो रही थी। आर्थोपेडिक विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजय घिल्ले द्वारा बच्चे की गहन जांच की गई। एक्स-रे एवं एमआरआई जांच में बच्चे को हैबिचुअल पटेला डिस्लोकेशन की समस्या का पता चला, डॉ. घिल्ले ने बताया कि यह अत्यंत दुर्लभ जन्मजात विकृति है, जिसमें घुटने की कटोरी को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियां एक ओर से अत्यधिक टाइट तथा दूसरी ओर से ढीली होती हैं, जिसके चलते कटोरी स्थिर नहीं रहती है।

### इन डाक्टरों का रहा सहयोग

ऑपरेशन टीम में आर्थोपेडिक के डॉ. संजय घिल्ले, डॉ. अविनाश अग्रवाल एवं डॉ. प्रवीन द्विवेदी शामिल रहे। निश्चेतना विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. मिल्टन एवं डॉ. श्वेता कुजूर ने अहम भूमिका निभाई।

### जरूरतमंद मरीजों को मिल रही सुविधा

आयुष्मान योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज प्रदान कर जरूरतमंद मरीजों को राहत देना सिम्स की प्रतिबद्धता है। यह सफलता पूरी टीम के समन्वय और समर्पण का परिणाम है।

-डॉ लखन सिंह
अधीक्षक सिम्स

## तीन हजार क्विंटल खरीदी लिमिट की जरूरत और अनुमति केवल 15 सौ की

**बिलासपुर।** धान खरीदी केंद्र गनियारी में प्रतिदिन तीन हजार क्विंटल धान खरीदी की लिमिट की जरूरत है, जबकि उन्हें केवल पंद्रह सौ क्विंटल खरीदी की लिमिट प्रदान की गई है। हालत यह है लिमिट में बढ़ोतरी नहीं की गई तो समिति के अंतर्गत आने वाले 65 बड़े किसान धान बेचने से वंचित ही रह जाएंगे।

धान खरीदी को प्रारंभ हुए दो महीने पूरे हो चुके हैं, लेकिन इसकी व्यवस्था में अब भी कमियां नजर आ रहीं हैं। जिले के सभी 140 उपार्जन केंद्रों को धान खरीदी के लिए प्रतिदिन की लिमिट प्रदान की गई है, जिसमें समय-समय पर बढ़ोतरी की जाती रही है। दो दिनों पूर्व भी जिला प्रशासन की मांग पर शासन द्वारा जिले के 57 खरीदी केंद्रों की लिमिट में बढ़ोतरी की गई है। दिक्कत यह है कि अब भी कई केंद्र ऐसे हैं, जो सीमित खरीदी लिमिट के कारण खासे परेशान हो रहे हैं। समिति के कर्मचारियों को किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है।

गनियारी उपार्जन केंद्र में धान बेचने वाले किसानों की कुल संख्या 12 सौ है, 650 किसानों ने धान बेच लिया है। गनियारी समिति में प्रतिदिन खरीदी की लिमिट अभी पंद्रह सौ क्विंटल की है, जिसके लिए 31 जनवरी तक के लिए टोकन काटे जा चुके हैं। वर्तमान लिमिट में तो 31 जनवरी तक सारे किसानों का धान खरीद पाना असंभव है।

### बढ़ाई जाएगी लिमिट

कलेक्टर के द्वारा जिले के सभी 140 उपार्जन केंद्रों से अपेक्षित खरीदी लिमिट की जानकारी मांगी गई है। इसके आधार पर आवश्यकतानुसार केंद्रों की प्रतिदिन की खरीदी लिमिट फिर से बढ़ा दी जाएगी।

**-अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

---

**परेशान यात्रियों की नाराजगी स्टेशन कर्मचारियों पर उतर रही**

# एक रैक से चल रही दो अलग-अलग दिशाओं में गाड़ी, पहुंच रही लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल स्टेशन से दो अलग-अलग दिशाओं बिलासपुर से पटना और बिलासपुर से एर्नाकुलम चलने वाली दो ट्रेनों को रेल प्रशासन एक रैक से चला रही है, जिसके कारण ट्रेन समय पर नहीं पहुंचने की वजह से दूसरी दिशा की ओर लेट जा रही है। इसकी वजह से परेशान यात्रियों की पूरी नाराजगी स्टेशन कर्मचारियों पर उतर रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से चलने वाली कई ट्रेनें ऐसी हैं, जिसका परिचालन केवल एक रैक से किया जा रहा है। इसकी वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी प्रतिदिन की आदत बन चुकी है। इसके कारण परेशान ट्रेन में सफर करने वाले हजारों यात्री हो रहे हैं। एक ओर अमृतसर से बिलासपुर आने के बाद छत्तीसगढ़ की रैक को लोकल बनाकर दूसरे दिन सुबह गेवरारोड की ओर लोकल बनाकर रवाना किया जा रहा है। वहीं कोरबा से बिलासपुर होकर इतवारी के बीच चलने वाली शिवनाथ और बिलासपुर से इतवारी के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के भी रैक एक ही हैं। यह ट्रेन भी कभी राइट टाइम स्टेशन तक नहीं पहुंच पाती है। इसी तरह का हाल अब बिलासपुर से पटना के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और बिलासपुर से एर्नाकुलम के बीच चलने वाली ट्रेन का भी हो गया है। 22843 नम्बर के साथ बिलासपुर से पटना के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का विस्तार बक्सर स्टेशन तक कर दिया गया है। पूर्व में यह ट्रेन बिलासपुर से रवाना होने के बाद पटना जंक्शन स्टेशन में दूसरे दिन दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर पहुंचने के बजाय शाम 5 बजे के बाद पहुंच रही थी। ट्रेन का बक्सर स्टेशन तक विस्तार करने के बाद इस ट्रेन ने अपने ही रिकार्ड को पार कर दिया है। बिलासपुर से पटना विस्तारित बक्सर तक चलने वाली एक्सप्रेस जोनल स्टेशन से प्रति शुक्रवार की रात राइट टाइम 8.30 बजे रवाना कर दी जाती है, जो झारसुगुड़ा पहुंचने तक तीन घंटे, टाटा स्टेशन तक 9 घंटे और बक्सर स्टेशन तक पहुंचने में 10 घंटे का अधिक समय लगा देती है।

### दूसरे दिन रवाना हो रही है एर्नाकुलम

बिलासपुर से पटना विस्तारित बक्सर तक चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के रैक एक ही हैं। इस ट्रेन के बक्सर से बिलासपुर आने का समय रविवार की शाम 5 बजकर 20 मिनट का रहता है। बिलासपुर आने के बाद ट्रेन का मेंटनेंस व अन्य रखरखाव कर सोमवार की सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर स्टेशन से एर्नाकुलम के लिए रवाना किया जाना है। ट्रेन घंटो लेट यानि रविवार के स्थान पर सोमवार को आने के बाद सीधे कोचिंग डिपो के लिए रवाना की जाती है। इसके कारण बिलासपुर से एर्नाकुलम की ओर जाने वाली एक्सप्रेस सोमवार की सुबह के बजाय रात को रवाना होने के कारण यात्री अपनी पूरी नाराजगी स्टेशन में मौजूद रेल कर्मचारियों पर उतारते हैं।

---

# निगम अतिक्रमण प्रभारी से धक्का मुक्की, जुर्म दर्ज

■ वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक ने लिखाई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** अतिक्रमण हटाने गए निगर निगम अतिक्रमण शाखा प्रभारी से व्यापारी ने धक्का मुक्का कर दुर्व्यवहार करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाला है। पुलिस ने व्यापारी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नगर निगम वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक एवं स्वच्छता पेट्रोलिंग अतिक्रमण शाखा प्रभारी दीपक कुमार पंकज ने रिपोर्ट लिखाई। 17 जनवरी को वह स्वच्छता पेट्रोलिंग व अतिक्रमण टीम के साथ अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैण्ड तक अतिक्रमण हटाने के लिए गए थे। उन्होने टीम के साथ सड़क बाधा करने के लिए चार दुकानों में 1 - 1 हजार रुपए का चालान काटा। कुछ देर बात संजय जींस का संचालक मौके पर आकर उनके धक्का मुक्की कर दुर्व्यवहार करने लगा। चारों तरफ से व्यापारियों द्वारा उन्हें घेर लिया गया था। चालान की रसीद कर मोड़कर उनके ऊपर फेंक दिया गया और काटे गए चालान का पैसा वापस मांगने लगे। 10 दिन पहले ट्रैफिक व निगम ने द्वारा वहां अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की गई थी। ट्रैफिक एडीशनल एसपी ने व्यापारियों को अतिक्रमण करने पर कार्रवाई पर मालिक पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दीपक कुमार की रिपोर्ट पर संजय जींस के संचालक के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने के बीएनएस की धारा 132, 221 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।






**शोक संदेश**

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जा रहा हैं कि मेरी धर्म पत्नी श्रीमती रेनू अरोरा (तृप्ता) का स्वर्गवास दिनांक 07-01-2026 दिन बुधवार को हो गया हैं। जिनका तेरहवी का कार्यक्रम दिनांक 19-01-2026 दिन सोमवार को रखा गया हैं।

**अंतिम अरदास**

अखण्ड पाठ दिनांक : 17.01.2026 को सुबह 11:00 से रखा जाएगा जिसकी समाप्ति दिनांक 19.01.2026 की दोपहर 12:30 को होगी। समाप्ति उपरान्त गुरु का अटुट लंगर वरताया जाएगा।

श्रीमती रेनू अरोरा (तृप्ता)

शोकाकुल परिवार- सोम प्रकाश अरोरा (पिंकी) (पति), प्रिंस अरोरा (पुत्र), संजय अरोरा, विजय अरोरा (देवर) सन्नी अरोरा, सोनू अरोरा, कृष अरोरा (भतिजे) समस्त अरोरा परिवार

कार्यस्थल : श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)
निवास : प्रिंस किराना स्टोर यदुनन्दन नगर मो. 8770661385, 8109015565

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# मौनी अमावस्या पर 1108 पार्थिव शिवलिंग का महारूद्राभिषेक






**बिलासपुर।** महात्मा श्री राम भिक्षुक जागरण सेवा समिति द्वारा मौनी अमावस्या के अवसर पर रविवार को साइंस कॉलेज मैदान पर सामूहिक महारूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस रूद्राभिषेक में 1108 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया गया। 1108 परिवारों ने एक साथ एक जगह में बैठकर प्रत्यक्ष रूप से यह रूद्राभिषेक किया,आयोजन समिति द्वारा ही पूजन सामाग्री भी दी गई। पंडित श्रीकांत पाठक द्वारा विशाल रूद्राभिषेक कराया गया, इसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल रहे। इस मौके पर राजा शर्मा, नागेंद्र शर्मा, शक्ति सिंह ठाकुर, बृजेश शास्त्री, सुरेंद्र गौराहा, श्याम मोहन दुबे, सुधांशु मिश्रा,जयेश तिवारी, प्रसून गोस्वामी, विनय राय, मानस मिश्रा, गौरव तिवारी, प्रतीक तिवारी मौजूद रहे।

धर्म-क्षेत्र

## गुप्त नवरात्रि आज से, पीतांबरा पीठ में होगी मां बगलामुखी की विशेष आराधना

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में इस वर्ष माघ गुप्त नवरात्रि का पर्व श्रद्धा से मनाया जाएगा। यह महापर्व सोमवार 19 जनवरी से प्रारंभ होकर 27 जनवरी तक चलेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार एक वर्ष में आने वाली चार नवरात्रियों में से माघ और आषाढ़ मास की नवरात्रि 'गुप्त' होती हैं,



जबकि चैत्र और शारदीय नवरात्रि 'प्रकट' मानी जाती हैं। गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की साधना की जाती है। इस अवसर पर मां ब्रह्म शक्ति बगलामुखी देवी का पूजन श्रृंगार महाकाली देवी के रूप में किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, पूजन, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व श्री सिद्धिविनायक का पूजन श्रृंगार एवं श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती राजराजेश्वरी, त्रिपुरसुंदरी देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा अभिषेक किया जाएगा। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि शक्ति की अधिष्ठात्री मां बगलामुखी की साधना के लिए यह नौ दिवसीय समय अत्यंत फलदायी है। दस महाविद्याओं में सर्वोपरि मानी जाने वाली मां बगलामुखी की विशेष उपासना का विशेष महत्व है। गुप्त नवरात्रि व्यक्तिगत आध्यात्मिक उन्नति और कठिन संकल्पों की सिद्धि का काल है। इसमें गोपनीय तरीके से की गई साधना साधक में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। इस दौरान मां को पीले पुष्प, पीले वस्त्र और पीली मिठाई अर्पित करने का विशेष महत्व है।

# कथा जीवन के दुखों को भगा कर जगा देती है सुखों को : संत कौशल



भगवत कथा हमारे जीवन के दुखों को भगा और सुखों को जगा देता है। यही कथा की महिमा है। कथा को श्रवण करने के बाद उसे अपने आचरण में उतारें तभी उसकी सार्थकता है। विचार, आचरण की शुद्धि भक्ति भजन है। भगवान की कृपा पर भरोसा करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें श्रीराम कथा आयोजन समिति बिलासपुर द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में रविवार को कथावाचक संत प्रवर विजय कौशल महराज ने भगवान हनुमान के लंका पहुंच कर माता सीता की खोज करने की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि भगवान हनुमान समुद्र लांघकर लंका पहुंचे, तो उन्होंने रास्ते में सिंहिका राक्षसी और लंकिनी को परास्त किया। फिर लंका में प्रवेश कर सीता माता को खोजा। यह सब उन्होंने राम के सेवक के रूप में किया ताकि रावण को सबक सिखा सके और सीता माता को ढूंढ सके। इसके बाद उन्होंने लंका का दहन किया और वापस लौटे। उन्होंने बताया कि सीता माता की खोज के लिए हनुमानजी ने एक ही छलांग में विशाल समुद्र पार किया और लंका के पास त्रिकूट पर्वत पर उतरे। समुद्र में सिंहिका नामक राक्षसी ने हनुमानजी की छाया पकड़कर उनकी गति रोक दी। हनुमान ने अपने बुद्धि का प्रयोग करते हुए अपना आकार बढ़ाया और उसे निगलकर उसके मर्मस्थल पर प्रहार कर उसे मार डाला।

लंका के द्वार पर लंकिनी राक्षसी ने उन्हें रोका। हनुमानजी ने उसे चेतावनी दी कि उनका समय पूरा हो गया है और उसे परास्त कर लंका में प्रवेश किया। इस मौके पर आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक नगर विधायक अमर अग्रवाल, शशि अग्रवाल, गुलशन ऋषि, रौशन सिंह, रिंकू मित्रा, प्रवीण झा, अर्चना, अजय अग्रवाल मथुरा, नीता श्रीवास्तव, शोभा कश्यप सहित समिति के अन्य पदाधिकारी व श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में उपस्थित थे।



### लंका में चकित थे हनुमान

कथा व्यास ने बताया कि रावण मंदिरों जैसे भवन बनवाए थे। उसे देख कर लगता कि सभी मंदिर है, इसलिए भगवान हनुमान लंका में इसे देखकर चकित थे। वे सोच रहे थे कि इतने मंदिर तो काशी में भी नहीं है, पर वे जैसे ही मंदिर में प्रवेश किया तो वहां राक्षस-राक्षसनी थे। इन्हें देख कर हनुमानजी ऐसे पाप के वातावरण में नहीं रह सकता सोच कर विभिषण के द्वार में चले गए। फिर अशोक वाटिका में माता सीता को देखा और राम की मुद्रिका देकर उन्हें ढाढ़स बंधाया।

### कथा आज सुबह 9.30 बजे से

पूज्य विजय कौशल महाराज द्वारा श्री राम कथा 19 जनवरी सोमवार को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में होगी। सभी भक्तों और पदाधिकारियों, सदस्यों से बताए गए समय पर शामिल होने का अनुरोध किया गया है।



### आज होगा समापन

सोमवार 19 जनवरी को राम कथा का समापन होगा। कथा सुबह 9 बजे से आरंभ होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। सभी श्रद्धालु भक्तों से निर्धारित समय में उपस्थित होकर कथा का रसपान करने का आह्वान किया गया है। समापन की पूर्व संध्या पर नगर विधायक अमर अग्रवाल के निवास स्थान में संत प्रवर विजय कौशल महराज के सानिध्य में हवन किया गया। इसमें नगर विधायक एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने मंत्रोच्चार के बीच आहूतियां दी।

### कथावाचकों का सम्मान

कथा के दौरान कथा वाचक संत कौशल ने शहर के कथावाचकों का सम्मान किया। इसमें अभिनव शरण महराज, गोपाल कृष्ण रामानुज सहित अन्य कथावाचक शामिल रहे।

### इन अतिथियों ने लिया आशीर्वाद

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य संरक्षक अमर अग्रवाल , शशि अग्रवाल, विधायक धर्मजीत सिंह, महेश अग्रवाल, गुलशन ऋषि, गोपाल शर्मा, युगल शर्मा, श्री कच्छ गुर्जर समाज, नगर साहू संघ, जैन श्वेताम्बर श्री संघ, विन्ध्याचल सांस्कृतिक मंच, सूत सारथी समाज, सनाढ्य विकास मंच, गोंड भूमिकाल समाज, विन्ध्य बिलासा सांस्कृतिक मंच, उत्कल समाज, कुर्मी क्षत्रिय सेवा समिति, भारतीय सुदर्शन समाज,गोस्वामी समाज, प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज, राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज, अयोध्यावासी वैश्य समाज आदि गणमान्यजन आरती में शामिल रहे।

स्मृति दिवस

## ब्रह्मा बाबा का जीवन दिव्य गुणों की जीवंत मिसाल : स्वाति



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में ब्रह्माकुमारीज के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस रविवार को श्रद्धा, शांति और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। सेवा केंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन से जुड़े "18 कदम" विस्तार से बताए। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बाबा का संपूर्ण जीवन श्रेष्ठ संस्कारों और दिव्य गुणों की जीवंत मिसाल है। वे सदा सभी को अपने से भी ऊंचा देखने की भावना रखते थे। उनका प्रत्येक संकल्प इच्छा व लगाव से मुक्त था। दीदी ने बताया कि ब्रह्मा बाबा में गंभीरता और सच्चे सेवाधारी होने का संस्कार स्पष्ट दिखाई देता था। वे परोपकारी और परिवर्तन शक्ति द्वारा सदा विजयी थे।

### शिव अनुराग भवन योग साधना कार्यक्रम

ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि पर शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर में योग साधना कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी मंजू



दीदी ने बताया कि वर्ष 1936 में उनके जीवन में एक अभूतपूर्व आध्यात्मिक परिवर्तन आया। दिव्य अनुभूतियों के माध्यम से उन्हें यह स्पष्ट हुआ कि परमपिता परमात्मा शिव उन्हें माध्यम बनाकर मानव आत्माओं को सत्य ज्ञान प्रदान कर रहे हैं। इसी के साथ दादा लेखराज कृपलानी का जीवन एक लौकिक गृहस्थ से ब्रह्मा बाबा के रूप में आध्यात्मिक पिता बनने की ओर अग्रसर हुआ। पिताश्री ने नारी शक्ति को आध्यात्मिक नेतृत्व देकर समाज में एक नई सोच और दिशा प्रदान की, जो उस युग में अत्यंत क्रांतिकारी कदम था। 18 जनवरी 1969 को ब्रह्मा बाबा ने देह त्याग कर अव्यक्त फरिश्ता स्वरूप धारण किया। आज भी उनके आदर्श और शिक्षाएं करोड़ों लोगों के जीवन में शांति, शक्ति और सकारात्मक परिवर्तन का आधार है। वहीं सेवा केंद्र में सुबह 6 से साढ़े 11 बजे तक तपस्या कार्यक्रम रहा।

## पिकनिक में हौजी, अंताक्षरी व गीतों ने समा बांधा



**बिलासपुर।** विवेकानंद लाफ्टर क्लब आयोजक मंडल के सदस्यों ने डोंगा नाला (पाली) पिकनिक का लुफ्त उठाया। इस अवसर में महिला मंडल ने पिकनिक में हौजी,अंताक्षरी और गीतों से जमकर आनंद लिया। इस मौके पर संध्या मिश्रा और डॉ रीता तिवारी के द्वारा गीत भी गाया गया,डॉ राघवेंद की गायकी और नाश्तें के जायके का लुफ्त उठाया। इस अवसर में सवीता, देवांगन, रंजना दीक्षित, शकुंतला,साधना वर्मा, प्रीति, लता शारदा, डां रीता तिवारी, काले, संगीता, कैशरवानी मैडम नीलू वर्मा सभी महिलाओं ने इस पिकनिक का आंनद लिया।

## 'करम के नांगर ल भूत जोते' कहावत का अर्थ बताइए

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा अधीक्षक बाल देखरेख संस्था पद के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा रविवार को संपन्न हुई। यह परीक्षा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आयोजित की गई, जो सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चली। जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां अभ्यर्थियों की कड़ी निगरानी में परीक्षा कराई गई। जिले में परीक्षा के लिए कुल 4 हजार 142 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 3 हजार 51 अभ्यथी ही परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1 हजार 91 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कुल 150 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिन्हें हल करने के लिए तीन घंटे का समय निर्धारित किया गया था। प्रश्नपत्र में छत्तीसगढ़ से संबंधित सामान्य ज्ञान के साथ-साथ बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों पर विशेष फोकस रहा। अभ्यर्थियों से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, किशोर न्याय अधिनियम, बाल देखरेख एवं संरक्षण से जुड़े प्रावधानों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। इसके अलावा छत्तीसगढ, पंचायती राज व्यवस्था, सामाजिक कल्याण योजनाओं और प्रशासनिक जानकारी से संबंधित प्रश्न भी शामिल किए गए।

- बाल देखरेख संस्था अधीक्षक के लिए पीएससी ने ली परीक्षा



### इस तरह के पूछे गए थे सवाल

- माटी-तिहार का समापन किस कार्यक्रम के पश्चात होता है?
- कौन-सी नदी कवाई जलप्रपात का निर्माण करती है?
- कोरंडम खनिज परियोजना के अंतर्गत कुचनूर किस जिले में है?
- छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग में 2016 से 2018 तक अध्यक्ष कौन थे?
- शिशुपाल पर्वत (धारीडोंगर) किस जिले में स्थित है?
- रायपुर में जयस्तंभ चौक की नींव किसके द्वारा रखी गई?
- भारत छोड़ो आंदोलन में दुर्ग कचहरी में किस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने आग लगाई थी?
- गोदना के फूल के रचयिता कौन हैं?
- क्या बालक सूचना का अधिकार लगा सकता है?

स्पोटर्स न्यूज

मेंस अंडर 19 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता

# गेंदबाजी की बदौलत बिलासपुर की तीसरी जीत, पहुंचा सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस अंडर 19 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बिलासपुर में अपना चौथा मैच धमतरी के मैदान में बीएसपी के मध्य खेल जिसमें बिलासपुर के कप्तान धनंजय नायक ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र आरक्षण करने का फैसला किया और बीएसपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 78.3 ओवर में 182 रन बनाकर आउट हो गई। बीएसपी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए देवांश पाटिल ने 69 रन और नीलांजल ने 45 रनों पारी



खेली। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सक्षम चौबे ने 3 विकेट, अयान उपाध्याय ने 2, धनंजय नायक और आदित्य ने एक-एक विकेट विकेट प्राप्त किए। इसके पश्चात बिलासपुर ने अपनी पारी खेलते हुए 58.1 ओवर में तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 321 रन बनाकर आउट हो गई।

बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए प्रारंभिक शैवाल सरकार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 111 गेंदों में 99 रन और आर्यन सिंह ने भी तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 57 रन बनाए। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभ्युदय कुमार सिंह ने 4 विकेट तुष्य प्रजापति और रुद्र प्रताप सिंह ने दो दो विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर ने पहली पारी 139 रनों की बढ़त बना ली। इसके बाद बीएसपी ने अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए आदित्य ब्याद्वल के घातक गेंदबाजी के सामने 30.2 ओवर में 74 रन बनाकर आउट हो गई।

### बिलासपुर की टीम ने बनाई बढ़त

बीएसपी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए तुष्य प्रजापति ने सबसे अधिक 29 रन बनाए है। बिलासपुर की ओर गेंदबाजी करते हुए आदित्य ब्याद्वल ने 5 विकेट, सक्षम चौबे ने 3 विकेट और धनंजय नायक ने 2 विकेट प्राप्त किए। इस तरह बिलासपुर ने बीएसपी को पारी और 65 रन से हराकर 7 अंक प्राप्त किए बिलासपुर ने 4 ने 3 मैच जीतकर 19 अंक प्राप्त कर लिए है और ग्रुप टॉपर है। मैच के निर्णायक मनजीत सिंह और आशुतोष जाधव थे स्कोरर सरफराजुद्दीन थे। ऑब्जर्वर शेख अनवर थे। बिलासपुर टीम के कोच सुशांत शुक्ला और आयुष दीक्षित थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की रस्सी खुलने से सड़क पर गिरी बोरियां



**तखतपुर।** सरकारी अनाज लेकर जा रहे ट्रक की रस्सी खुल जाने से बीच सड़क पर धान की बोरियां गिरने लगीं। गनिमत है आसपास कोई राहगीर नहीं था, वरना इन बोरियों की वजह से कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

### राज्य स्तरीय रासेयो शिविर के लिए कामता का चयन



**मल्हार।** तक्षशिला उत्तर माध्यमिक विद्यालय जोंधरा के छात्र कामता पटेल का चयन राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के लिए हुआ है। यह सात दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर 22 से 28 जनवरी तक बलौदा बाजार में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से चयनित स्वयंसेवक भाग लेंगे।

### उरईकछार महामाया मंदिर में हिंदू सम्मेलन




**लोरमी।** ग्राम उरईकछार के महामाया मंदिर प्रांगण में आसपास के हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के गांवों के लोग शामिल हुए। इस मौके पर कर्मा, ददरिया, राउत नाचा, पंथी नृत्य के सहित जस गीत मंडलियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ, भारत माता की आरती माह में एक साथ करने पर सहमति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ मानस कथाकार गंगाराम साहू, मुख्य वक्ता राजकुमार कश्यप विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच राधा लोकेश पटेल रहे। सभा का संचालन चंद्रकांत डड़सेना और प्रेम जायसवाल ने किया।

### चोरभट्ठी में पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**सकरी।** समीपस्थ ग्राम चोरभट्ठी कला में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुट रहे हैं। महायज्ञ में यजमान शंकर लाल यादव, कमला यादव, शिवदयाल यादव, उर्मिला यादव, प्रदीप यादव, अंजली यादव, संतोष गोदावरी यादव, रामकुमार कौशिक, बिमला-लखन यादव, बाबी यादव, रामजी छोटन यादव, अशोक यादव, दुवारिका साहू, होरी लाल कौशिक, लिपट यादव, उपसरपंच लतेल श्रीवास, लखन श्रीवास, रामकुमार श्रीवास, उधोराम प्रजापति, गणेशराम श्रीवास, जनपद सदस्य सावित्री बलराम श्रीवास सहित अन्य हैं।

### अवैध महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी में आबकारी विभाग ने दबिश देकर 7 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक अमित शाह ने बताया कि, 18 जनवरी को गस्त के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम साल्हेघोरी थाना चिल्फी आरोपी जांगला कुमार टांडे के मकान में दबिश देकर विधिवत तलाशी ली गई एवं 7 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी के ऊपर आबकारी अधि के धारा 34(1)(क) 34(2) एवम 59(क) के चहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



### बामपारा में आयोजित श्रीरामचरित मानस संपन्न



**मुंगेली।** समीपस्थ ग्राम करूपान बामपारा में अखिल 14 जनवरी से भारतीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया गया, जो 18 जनवरी को संपन्न हुआ। आयोजन में स्वामी नंदाचार्य महाराज दिव्य मारुति धाम बगदई मंदिर बिलासपुर ने प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक श्रीराम कथा का श्रवण कराया। रात्रिकालीन में पूर्णिमा देवी त्रिपाठी श्रीधाम वृंदावन, अदिति किशोरी श्रीधाम वृंदावन, आचार्य संत श्रीराम कृष्ण मानस मित्र अलीगढ़ ने कथा का वाचन किया।

---

#### तीन दिनी बेलतरा महोत्सव का रंगारंग समापन, कलाकारों ने बांधा समा

# बेलतरा महोत्सव ने स्थानीय प्रतिभाओं को प्रदान किया सशक्त मंचः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- समापन समारोह में विधायक धर्मजीत सिंह ने की शिरकत

बिल्हा विकासखंड के नगपुरा में आयोजित बेलतरा महोत्सव का समापन अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में बड़ी संख्या में दर्शकों ने भाग लिया और विभिन्न आयोजनों का आनंद उठाया।

समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि इस महोत्सव ने स्थानीय कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान किया है। उन्होंने स्थानीय विधायक सुशांत शुक्ला की अगुवाई में आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में लोकनृत्य, संगीत प्रस्तुतियां एवं सांस्कृतिक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। आगे विशाल भव्यता के साथ आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर पूजा विधानी ने की। स्थानीय विधायक सुशांत शुक्ला ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों, कलाकारों, दर्शकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी और सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व राज्य सरकार बिना भेदभाव के सभी का विकास करने में लगी है। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल, सरपंच गंगा प्रसाद साहू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने नगपुरा मेला स्थल में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।




समापन कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक धर्मजीत सिंह।

#### रंगारंग प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

छत्तीसगढ़ी कलाकार और गायक पद्मश्री अनुज शर्मा की बेलतरा महोत्सव के समापन समारोह में शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके संगीत और गायन की ताजगी ने न केवल संगीत प्रेमियों को, बल्कि सभी उम्र के लोगों को झूमने और थिरकने पर मजबूर कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने एक अलग ही माहौल बना दिया और हर किसी के दिल में अपनी धुनें छोड़ दीं। आधुनिक भारतीय संगीत के इस प्रख्यात सितारे ने अपने कार्यक्रम में फिल्म संगीत से लेकर छत्तीसगढ़ी लोक धुनों तक का समावेश किया, जिससे श्रोताओं को एक विविध संगीत अनुभव प्राप्त हुआ। उनके गायन में जो भावनाएँ और गहराई थी, वह दर्शकों को सीधे दिल से जुड़ने का अहसास दिलाती थी। अनुज शर्मा ने मंच पर अपनी अद्भुत आवाज और संगीतमय प्रस्तुति से दर्शकों के दिलों में अपनी विशेष जगह बनाई। बिलासपुर के लोक कलाकार हिलेंद्र सिंह ठाकुर की टीम ने भी अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाओं की इंद्रधनुषी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन और नृत्य के जरिए उन्होंने शराब और तम्बाकू मुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया।



## उत्सव के रूप में मनाया गया स्वामी सदानंद का समाधि दिवस

**बेलगहना।** श्री सिद्ध बाबा अद्वैत परमहंस आश्रम बेलगहना में ब्रम्हलीन स्वामी सदानंद परमहंस महाराज का महासमाधि दिवस उत्सव के रूप में मनाया गया।

शिवानंद महाराज ने भक्तों सहित परंपरानुसार वैदिक मंत्रों के साथ पुष्पमाला धूप-दीप, वस्त्र व श्रीफल आदि अर्पित कर सद्गुरु चरण पादुका एवं समाधि पूजन कर गुरु शिष्य परंपरा को अक्षुण्य रखा। इस शुभ अवसर पर अलग-अलग क्षेत्रों से आए श्रद्धालु भक्तों ने अपने अपने सांस्कृतिक कला की प्रस्तुति दी। सोनसाय नवागांव के भक्तों ने गौरा-गौरी की झांकी प्रस्तुत कर एवं गणेशपुरी करिआम के भक्तों ने डंडा नृत्य प्रस्तुत कर अपने अपने भाव सदगुरु देव को समर्पित किया। श्री सिद्ध बाबा आश्रम बेलगहना से स्वामी सदानंद परमहंस महाराज ऐसे संत रहे, जिन्होंने अविभाजित बिलासपुर जिले के आदिवासी अंचल खासकर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही एवं केंदा रतनपुर, बेलगहना क्षेत्र में सनातन धर्म की ध्वजा लहराई। पूज्य महाराज ने अपने तप साधना से भगवान पारदेश्वर शिवलिंग का निर्माण किया, जो समूचे भारत में अद्वितीय है एवं जिसका दर्शन के लिए पूरे भारत से दर्शानार्थी वर्ष आते रहते हैं। उनकी समाधि दिवस पर शिवानंद महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में अनेक धार्मिक अनुष्ठान तथा 33 आश्रमों के संचालन सराहनीय रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचे, जिनमे जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, प्रमुख थे। सेवा समिति के की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 15 हजार से भी अधिक संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## शहीद कौशिक के शहादत दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

अपने देश के लिए कर्तव्य पथ पर चलते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सीपत के वीर शहीद विनोद कौशिक की शहादत दिवस पर 24 जनवरी शनिवार को शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सीपत में रक्त परीक्षण एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल शहीद को सच्ची श्रद्धांजलि होगा, बल्कि समाज में सेवा, जागरूकता और देशभक्ति की भावना को भी सशक्त करेगा। इस पुनीत अवसर पर सीपत अंचल के वीर सपूतों शहीद विनोद कौशिक, सोंठी पिपरानार के वीर शहीद धनीराम ठाकुर, कुकदा के वीर शहीद किरीत पटेल तथा नरगोड़ा के वीर शहीद वीरेंद्र कैवर्त को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा, जिनका बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला प्रांगण, सीपत में आयोजित होगा। आयोजन के दौरान रक्तदान, रक्त परीक्षण, साथ ही यातायात जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि, रंग में देश के लिए रक्त बहाना और वक्त पर जरूरतमंद को रक्त देना, दोनों में ही सच्ची महानता है। इसी संदेश के साथ क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। कार्यक्रम में रक्तवीरों एवं रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र प्रदान किए जाएंगे, वहीं सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत योग्य नागरिकों को निशुल्क दुपहिया वाहन लर्निंग लाइसेंस अथवा हेलमेट देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं का निशुल्क ब्लड ग्रुप टेस्ट एवं हीमोग्लोबिन जांच भी की जाएगी।



## खेल से खिलाड़ियों में आती है टीम भावना



**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत हरदाडीह में आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता और मस्तूरी प्रीमियर लीग के आयोजन ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों में नया जोश भर दिया है। इस खास मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्र प्रकाश सूर्या बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। गौरतलब है कि, मस्तूरी प्रीमियर लीग को आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया गया है, जिसमें पूरे विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों की बोली लगाकर आठ अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। भाजपा नेता चंद्र प्रकाश सूर्या ने खिलाड़ियों से कहा कि, खेल से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि खिलाड़ियों में टीम भावना भी पैदा होती है। जिपं सभापति प्रतिनिधि खिलावन पटेल और हरदाडीह सरपंच मंगल राम सिदार ने खेल को ग्रामीण जीवन का अहम हिस्सा बताया। भिलाई सरपंच हरदीप सूर्या और स्थानीय नेता यदुराम साहू ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण तहसीलदार से शिकायत



**खमरिया।** ग्राम पंचायत कुकदा में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर सीपत तहसीलदार से शिकायत की गई है। कुकदा सरपंच जितेंद्र नेताम, उपसरपंच दीपक पाटनवार, ग्रामीण रामलाल पटनवार, अशोक पाण्डेय, दिलहरण साहू व सतीश पांडेय द्वारा नायब तहसीलदार सीपत से शिकायत की गई है, जिसमें बताया गया कि, शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर ग्रामीण के द्वारा मकान निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि, पंचायत के मना करने के बावजूद भी उक्त निर्माण नहीं रोका गया।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि, मकान यदि बन जाता है तो गांव के किनारे सुरक्षित पूरी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हो जाएगा। शिकायत में जानकारी दी गई कि उक्त ग्रामीण पहले ही सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर दो मंजिला मकान का निर्माण कर चुका है। हालांकि पिछली बार गांव में किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं की गई थी। चूंकि इस जमीन को गांव में बारछा के नाम से जाना जाता है एवं यह सड़क से बिल्कुल लगी हुई जगह है। साथ ही इस पर पंचायत द्वारा नाली निर्माण किया जाना है, इसलिए गांव के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने अतक्रिमण के खिलाफ शिकायत की है।

## गाइडलाइन दरों की समीक्षा करने कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

विशेष ग्रामों में छोटे भू-खण्डों के लिए वर्गमीटर आधार पर गाइडलाइन दर लागू करने तथा नवीन गाइडलाइन दरों की समीक्षा के संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर विभाग एवं महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के परिपालन पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर कुमार ने कहा कि मंत्रीपरिषद के निर्णय के अनुरूप विशेष ग्रामों में छोटे भू-खंडों के लिए वर्गमीटर आधार पर गाइडलाइन दर लागू किए जाने की प्रक्रिया को शीघ्र और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि, नवीन गाइडलाइन दरों के अनुरूप विशेष समीक्षा कर विस्तृत कारणों सहित प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने अन्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रें में प्राप्त सुझावों और ज्ञापनों के आधार पर भी समुचित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भू-खण्ड मूल्य में वृद्धि का प्रस्ताव शासन की गाइडलाइन के अनुरूप, ठोस तथ्यों और कारणों के साथ ही प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने सभी संशोधित प्रस्तावों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस पहल से भू-खण्ड मूल्यांकन में पारदर्शिता, व्यवहारिकता और आम नागरिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित होगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पेंड्रा की स्वामी विवेकानंद संयुक्त प्रभात शाखा की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर में मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बाल, तरुण एवं युवा स्वयंसेवकों के साथ नगर के नागरिक एवं भारत विकास परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक प्रमुख तिलक राम नामदेव रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने मकर संक्रांति को समाज को जोड़ने और संगठित करने का पर्व बताया।

उन्होंने तिल और गुड़ के उदाहरण के माध्यम से सामाजिक एकता का संदेश देते हुए कहा कि, जिस प्रकार तिल के अलग-अलग दाने गुड़ की मिठास से एकजुट होकर लड्डू का रूप लेते हैं और उनका महत्व बढ़ जाता है, उसी प्रकार समाज में बिखरे लोग जब जाति, पंथ, भाषा, भूषा, पद्धति और ऊंच-नीच के भेदभाव को छोड़कर एकजुट होते हैं, तब समाज सशक्त और समृद्ध बनता है। उन्होंने सभी से निस्वार्थ भाव से भारत माता की सेवा करते हुए समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

श्री नामदेव ने बताया कि, मकर संक्रांति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह प्रमुख उत्सवों में से एक है, जिसे समाज को संगठित करने के उद्देश्य से सभी शाखाओं में मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है और उत्तरायण की शुरुआत होती है, जिससे दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं। उद्बोधन के दौरान उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन एवं स्वदेशी के विषय में विस्तार से जानकारी दी एवं इन्हें दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया।



#### गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे लोग

# ठंड से राहत नहीं, ठंडी हवाओं ने बढ़ाई कंपकंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पिछले कुछ दिनों से बढ़ी ठंड ने कपकपी बढ़ा दी है। सुबह सूर्य निकलने के साथ ही लोग दैनिक कामकाज शुरू कर रहे हैं। दिन व रात में ठंडी हवाएं चल रही है एवं इन दिनों धूप सुहानें लगने लगी है। दिन भर ठंड से बचने लोग गर्म कपड़ो में लिपटे नजर आते हैं।

आमतौर पर दिसंबर महीने के तीसरे सप्ताह से ही ठंड जोर पकड़ती है, जबकि इस बार जनवरी माह में ठंड अपना रौद्र रूप दिखा रहा। आलम यह है कि, रात 8 बजे के बाद सड़क वीरान हो जाती है। रात 9.30 बजे के बाद नगर की सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है। लोग ठंड से बचने का जतन करने लगे हैं एवं गर्म कपड़ो में लिपटें सुरक्षित होकर लोग बाहर निकल रहें हैं। ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़ों के साथ ही अलाव का भी सहारा लिया जा रहा है। कई स्थानों पर अलाव का नजारा इन दिनों आम हो गया हैं। ठंड के कारण सड़कों पर मानिंर्ग वाक करने वालों की कमी नजर आ रही है। पड़ाव चौक, बालानी चौक, गोलबाजार, पुराना बस स्टैण्ड, दाउपारा, नया बस स्टैंड में लोग अलाव जलाकर आग सेकने में लगे रहते है। ठंड के चलते इंसान के साथ ही साथ जानवर भी आग को देखकर आग सेकने के लिए अलाव के पास खड़े हो जाते है। गौरतलब है कि हर वर्ष 14 जनवरी मकर संक्रांति के बाद ठंड कम हो जाती है, किंतु इस बार पड़ रही ठंड आगे और रहने की संभावना है। लोगों की दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो जाती है। गर्म वस्त्रें की कमी से सबसे ज्यादा ठंड की मार गरीबी से त्रस्त लोगों को झेलने पड़ रही है। तापमान गिरकर 6 डिग्री तक चला गया है एवं लगातार पड़ रहे कड़ाके की ठंड व तापमान में आई गिरावट ने पिछले 10 साल के रिकार्ड को तोड़ दिया है। मार्निंग वॉक करने वालों की कमी- ठंड बढ़ने से सुबह घूमने वालों की संख्या में भारी कमी आई है, और नाम मात्र लोग ही मार्निंग वॉक में सुबह घूमने निकल रहे हैं। सुबह 4 बजे से दाऊपारा, पुलपारा, बस स्टैंड में चाय की दुकाने खुल जाती थी, जो ठंड के प्रभाव के चलते अब 5.30 बजे के बाद खुल रही है। बाजार में ठंड के प्रभाव के असर दिखने लगा है और गर्म कपड़ों की मांग कम नहीं हो रही है। जिसके चलते बड़ी संख्या में बाहर के व्यापारी फेरीवाले गांव-गांव में घूमकर गर्म कपड़ों की बिक्री में लगे हुए है। सुबह लोगो की दिनचर्या भी देर से आरंभ हो रही है व धूप में आनंद लेते चाय पीते नजर आ रहे है।



## बरदुली में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम




**जरहागांव।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं समाज कल्याण विभाग के उपसंचालन नदीम काजी के मार्गदर्शन में एकीकृत पुनर्वास केंद्र की ओर से क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरदुली में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, पंथी नृत्य एवं सुगा नृत्य जैसे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर प्रभावी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 वरिष्ठ नागरिकों एवं महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की शपथ भी दिलाई गई।

साथ ही नशे के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियों एवं नशा छोड़ने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नशामुक्ति केन्द्र के अधीक्षक शत्रुहन साहू, ग्राम पंचायत के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ठकुरीकापा में अखंड नवधा रामायण कल से

**जरहागांव।** हिन्दू समाज मानस मंडली के तत्वाधान में सरपंच भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर जायसवाल के मार्गदर्शन में ग्रामवासियों के सहयोग से गांव में 20 से 29 जनवरी तक अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में दूर-दूर से अनेक गायन मंडलियां शिरकत करेंगी एवं रामायण गायन की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में आचार्य सोम दत्त पांडे, मुख्य यजमान वेद मंडल ध्रुव के, ठाकुर राम सोनकर, माधो प्रसाद सोनकर, कमल प्रसाद साहू, भीमबली सोनकर, भानु प्रताप सोनकर, तिलक जायसवाल, पुरुषोत्तम हैं।

### मनरेगा बचाओ पदयात्रा में शामिल होंगे बैज

**तखतपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के नेतृत्व में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में 'मनरेगा बचाओ पदयात्रा' का आयोजन 21 जनवरी को दोपहर 2 बजे किया जा रहा है। पदयात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शामिल होंगे। यह पदयात्रा ग्राम जोरापारा से प्रारंभ होकर मोछ, खैरी होते हुए ग्राम गिरधौना तक निकाली जाएगी, जिसकी कुल दूरी लगभग 5 किलोमीटर रहेगी। पदयात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आम जनता की आवाज को बुलंद किया जाएगा एवं मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना के साथ हो रहे अन्याय और कटौती का पुरजोर विरोध किया जाएगा। पदयात्रा की तैयारी में पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, प्रदेश सचिव आतमजीत सिहं मक्कड़, जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, ब्लाक अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी, अमित साहू, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर लगे हुए है।

### चलती कार में लगी आग शॉर्ट सर्किट से मचा हड़कंप

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार स्थित लिटिल स्टेप स्कूल के पास एक ऑटो गैरेज में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती कार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। गैरेज में मौजूद मिस्त्री ने तत्काल पानी डालकर और केबल वायर काटकर आग पर काबू पा लिया।
जानकारी के अनुसार, एक युवक लाल रंग की कार लेकर गैरेज पहुंचा था। गाड़ी रोकते ही वह तुरंत बाहर निकला और मिस्त्री को आवाज लगाई। मिस्त्री के मौके पर पहुंचते ही कार में अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जो देखते ही देखते बढ़ने लगी। कार चालक युवक ने बताया कि वह किसी काम से निकला था, तभी उसे गाड़ी से हल्का धुआं आता महसूस हुआ। वह किसी तरह कार को गैरेज तक लाया। जैसे ही उसने बोनट खोला, धुआं तेजी से निकलने लगा और उसने तुरंत मिस्त्री को बुलाया। बताया जा रहा है कि चूहे ने कार के केबल काट दिए थे, जिसके कारण शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई।

### बिना लाइसेंस के खरीदा गया 338 क्विंटल धान जब्त

**कोरबा।** कृषि उपज मंडी की टीम ने करतला ब्लॉक में 7 दुकानों से बिना लाइसेंस के खरीदे 338.40 क्विंटल धान को जब्त किया है। समर्थन मूल्य पर बिचौलिए खरीदी केंद्रों में धान की बिक्री न करें, इसके लिए ही छापामार कार्रवाई की जा रही है। कृषि उपज मंडी के सचिव नारायण पटेल के नेतृत्व में टीम ने सबसे पहले बरपाली तहसील के चिकनीपाली पहुंची। यहां संतोष साहू के गोदाम से 36.40 क्विंटल धान जब्त किया। इसी तरह तेरस साहू के गोदाम से 42.40 क्विंटल, रविंद्र अग्रवाल के गोदाम से 80 क्विंटल धान जब्त किया है। कोरकोमा के देव कुमार केशरवानी के गोदाम से 10 क्विंटल, राजू अग्रवाल के गोदाम से 35.20 क्विंटल, कुलेश्वर प्रसाद सोनी के गोदाम के 77.20 क्विंटल धान जब्त किया।

## निधन

### धनेश यादव

**बिलासपुर।** विकास नगर तिफरा



निवासी धनेश यादव का 17 जनवरी की रात निधन हो गया। वे 50 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 18 जनवरी को भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शर्मिला यादव के पति, कपिल और निकिता यादव के पिता थे।

## वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

# उप मुख्यमंत्री साव ने किया रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण करते डिप्टी सीएम साव।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 18 जनवरी को ग्राम परसवारा में वीरता, स्वाभिमान और नारी शक्ति की प्रतीक महारानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही श्री साव ने परसवारा में शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर उनके अदम्य साहस, त्याग एवं पराक्रम को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने लोरमी में मंगल भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। परसवारा में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि, महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी का जीवन साहस, नेतृत्व एवं आत्मसम्मान का जीवंत उदाहरण है। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को उनके अद्भुत शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को और सुदृढ़ करेगी। उन्होंने ग्राम परसवारा के ग्रामीणों से कहा कि, इस महाविद्यालय की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की नई अलख जगेगी, युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास को मजबूती मिलेगी। शिक्षा के माध्यम से सशक्त समाज निर्माण की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 'पीएम जनमन' जैसी अनेक योजनाओं से सुदूर अंचलों का विकास कर रहे हैं। पिछले दिनों प्रदेश के इन अंचल में स्वास्थ्य सुविधा के लिए, मुख्यमंत्री जी ने 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट एंबुलेंस रवाना किया।

**ये रहे मौजूद-** इस अवसर पर पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा, आदिवासी समाज युवा अध्यक्ष सुभाष परते, वीरेंद्र मरावी, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिपं सदस्य समुंद सिंडाम, विष्णु मरकाम, कोमल गिरी गोस्वामी, धनीराम यादव, विनय साहू, गुरमीत सलूजा,जपं सदस्य आदित्य ध्रुव, परसराम मरकाम, उत्तम ध्रुव, अकत ध्रुव, लतेल राम पोर्ते, संदीप नेताम, शिवनारायण चेचाम, सरोज मरावी, सुमन ध्रुव, धर्मेंद्र मरकाम, दिनेश साहू, सुशील यादव, प्रदीप मिश्रा, विश्वास दुबे, नरेंद्र खत्री एवं सामाजिक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टैक्स न चुकाने वाले ठेकेदारों पर गिरेगी गाज

**कोरबा।** नगर निगम में राजस्व वसूली को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले बकाया टैक्स वसूलने के लिए कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। आयुक्त ने स्पष्ट लहजे में चेतावनी दी है कि निगम के साथ काम करने वाले जो ठेकेदार स्वयं का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया रखेंगे, उन्हें तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नगर निगम ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 144 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जनवरी के मध्य तक केवल 45 प्रतिशत राशि ही सरकारी खजाने में आ पाई है। इस सुस्त रफ्तार ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। राजस्व की इसी कमी को दूर करने के लिए नगर निगम आयुक्त ने सबसे पहले निगम के सहयोगी ठेकेदारों और बड़े बकायेदारों को निशाने पर लिया है। आयुक्त के इस ब्लैकलिस्ट वाले अल्टीमेटम ने ऐसे लोगों की नींद उड़ा दी है। ठेकेदारों को साफ संदेश दिया गया है कि यदि उन्हें भविष्य में निगम के टेंडर प्रक्रियाओं में हिस्सा लेना है, तो पहले अपने बकाया कर का भुगतान करना होगा। राजस्व अमले को निर्देशित किया गया है कि वे वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर वसूली में तेजी लाएं।

# सहायक शिक्षक फेडरेशन का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** शिक्षक हितों की अनदेखी से नाराज छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपने लंबित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री तथा शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री अभिजीत तिवारी ने कहा कि, शिक्षक स्कूलों की रीढ़ हैं, लेकिन उनके हितों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

प्रांतीय संयुक्त सचिव मनोज कश्यप ने कहा ,राज्य सरकार ने सहायक शिक्षकों के हित में मोदी की गारंटी देते हुए घोषणाएं कीं, लेकिन जमीन पर अमल दिखाई नहीं दे रहा है। मनोज कश्यप ने साफ कहा कि 'मोदी की गारंटी' और भाजपा के घोषणा पत्र में रखी गई अपेक्षाओं पर सरकार तत्काल निर्णय ले, अन्यथा आंदोलन तेज होगा। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र बंजारे एवं माया सिंह राजपूत ने कहा कि, भाजपा सरकार के घोषणा पत्र में दी गई गारंटी तथा छत्तीसगढ़ सरकार की घोषणाएं धरातल पर लागू नहीं हुईं। इसके अतिरिक्त शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता तथा वीएसके एप को लेकर भी आक्रोश प्रकट किया। उन्होंने कहा कि, शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय न होने पर राज्य स्तरीय आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। प्रदर्शन को तीनों ब्लॉक अध्यक्ष सहित निलेश दुबे, राधिका देवांगन, अखिलेश शर्मा, ओमप्रकाश ध्रुव ने भी संबोधित किया।



## नामदेव समाज के कैलेंडर का विमोचन

**मुंगेली।** अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्वालाप्रसाद नामदेव का मुंगेली नगर आगमन हुआ। जिसमें प्रत्येक जिले में कार्यकारिणी के गठन करने हेतु छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष कमल किशोर वर्मा को अधिकृत करते हुए समाजिक बंधुओं को विश्वास में लेते हुए कार्यकारिणी गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। नामदेव समाज में जागरूकता एवं सचेतना के प्रचार–प्रसार हेतु समाज को एकजुट होकर समाज के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया एवं संत नामदेव जी के आदर्शों पर चसने का आह्वान किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पदाधिकारियों ने मुंगेली नामदेव समाज के प्रतिष्ठान जीत थ्रेड एजेंसी एवं परदा हाउस के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। कार्यक्रम में मूल्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद नामदेव, कमल किशोर नामदेव प्रांतीय अध्यक्ष अटल बिहारी नामदेव, प्रांतीय उपाध्यक्ष एनपी नामदेव ईस्ट जोन प्रभारी छग-उडीसा की उपस्थिति रही। इस मौके पर समस्त नामदेव मनोज नामदेव, रामप्रताप नामदेव, मनीष नामदेव, विकास नामदेव, शंकर लाल नामदेव, राजेन्द्र नामदेव, हर्ष नामदेव, मुकुल नामदेव, लल्ला नामदेव, राजकुमार नामदेव, विनोद नामदेव, महेश नामदेव, सालिक नामदेव, राजेश नामदेव, प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। उक्त जानकारी नामदेव समाज के प्रचार सचिव विकास नामदेव ने दी।

## डीएसई स्कूल का वार्षिकोत्सव, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**लोरमी।** नगर के डीएसई स्कूल में 19वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के पूर्व न्यायधीश डॉ चंद्रभूषण वाजपेई एवं जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा एवं विद्यालय के डायरेक्टर मौजूद रहे।

श्री वाजपेयी ने प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धक शिक्षाप्रद प्रतिक्रिया एवं सन्देश देते हुए कहा कि, शिक्षा अंधकार को दूर करती है, शिक्षा आपके सपने को पूरा करता है एवं स्वालम्बन बनने में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में में 'भारत माता के वीर सपूत-नायक' थीम के तहत संपूर्ण भारत भूमि की विशेषता को प्रदर्शित करने का लघु प्रयास किया गया। भारतीय लोक संस्कृति के साथ-साथ देशभक्ति से ओतप्रोत ऑपरेशन सिंदूर व झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की झांकी एवं लिटिल कृष्णा कार्यक्रम मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। साउथ स्वैग तथा छत्तीसगढ़ लोक संगीत एवं नृत्य ने लोगों को झूमने पर मजबूर किया। कार्यक्रम में ट्रैफिक सिग्नल शो जन जागरण का संदेश प्रेरणादाई रहा। प्री प्राइमरी की कक्षाओं ने खूब वाह वाही बटोरी एवं दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिए।

विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत- कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पिछले सत्र में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया, जिसमें सामर्थ्य सिंह, शालीन कटेलिया, अन्वेषा केशरवानी, अनंत केशरवानी, अभिजया सिंह, दीप नारायण शर्मा, देवेश कुमार साहू, शालीन कटेलिहा, युवराज सिंह, सामर्थ्य सिंह, अनंत कशरवानी, दीपक मौर्य, लिसा अग्रवाल, गर्वित सिंह, सुहानी सिंह राजपूत, मोनीष अली, अनुष्का जायसवाल, चांदनी राजपूत, पल्लवी ध्रुव, आस्था साहू, मोक्ष सिंह राजपूत, मान्यता सिंह राठौड़, मोक्षिता ध्रुव, प्रांजल जायसवाल, पुष्पांजलि साहू, अलका बंजारा, सूर्यकांत साहू, प्रांजल कुमार खांडेकर आदि को पुरस्कृत किया गया।



## हर्री स्टेशन पर स्टॉपेज बहाली को लेकर कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन

**पेंड्रा।** कोरोना काल के दौरान हर्री रेलवे स्टेशन पर बंद किए गए यात्री ट्रेनों के स्टापेज को बहाल कराने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को हर्री रेलवे स्टेशन का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और चेतावनी दी गई कि, यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो एक माह बाद रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कोरोना काल से हर्री रेलवे स्टेशन में महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों का स्टापेज बंद है, जिससे क्षेत्र के यात्रियों, छात्रों, मजदूरों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ एक माह का अल्टीमेटम, रेल रोको आंदोलन की चेतावनी

बंद स्टापेज वाली ट्रेनों में रीवा बिलासपुर एक्सप्रेस, इंदौर–बिलासपुर, बिलासपुर–भोपाल, चिरमिरी–बिलासपुर आदि शामिल हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, हर्री क्षेत्र आदिवासी एवं ग्रामीण बहुल इलाका है, जहां से आसपास की लगभग 50 ग्राम पंचायतों के लोग आवागमन करते हैं। बड़ी संख्या में लोग रोजगार, शिक्षा और इलाज के लिए रेल यात्रा पर निर्भर हैं। स्टॉपेज बंद होने से आम जनता को अतिरिक्त खर्च और समय की बर्बादी झेलनी पड़ रही है।

घेराव के दौरान वक्ताओं ने रेल प्रशासन से तत्काल सभी ट्रेनों के स्टापेज फिर से शुरू करने की मांग की। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि एक माह के भीतर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीणों के साथ मिलकर रेल रोको आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु, पूर्व विधायक केके ध्रुव, पूर्व प्रत्याशी गुलाब राज, ब्लॉक अध्यक्ष बलबीर करसायल, विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, ओमप्रकाश अग्रवाल, राकेश साहू, सुनीता राठौर, राष्ट्रीय सह सचिव प्रीति मांझी, कोशल राठौर, शिवा राठौर, हेमनाथ सर्राटी, नीलेश साहू, कृपाल नरवरिया, सुनीता टिमोथी, कमलेश राठौर, कामता राठौर, राजेंद्र राठौर, रियांश सोनी, रवि केशरी, अशफाक अली, कोमल राठौर, मनोज श्रीवास, कमल राठौर, सुनीता टिमोथी, लक्ष्मण राठौर, सोनू अग्रवाल, शिवांश दुबे, दीपक, ईश्वर, नीरज साहू, आरती, मनीषा, उमा, राधा बाई, गणेश, सुरेंद्र मांझी, सुदर सिंग, दादूराम, दीपक श्रीवास, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और लालपुर, हर्री, दर्री, भसकुरा, मेड़ुका, अंधियारखोह, खैरझिटी, डौंजरा, पड़खुरी सहित आसपास के हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बांधा के समीप जंगल की कटाई, वन विभाग नींद में

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



ग्रामीण क्षेत्रों में लोग वर्तमान समय में भी जंगल की कीमत नहीं समझ रहे हैं, और आए दिन जंगल से पेड़ काटकर जलाइ लकड़ियों के रूप में उपयोग कर रहे हैं। लोग बिना रोक-टोक के प्रतिदिन जंगल का रहे हैं, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ते जा रहा है।
पेड़ों के नष्ट होने से मौसम परिवर्तन का चक्र लगातार बिगड़ते जा रहा है एवं दिनों दिन बरसात व ठंड में कमी देखी जा रही है। वहीं गर्मी लगातार बढ़ते जा रही है। पिछली बार गर्मीयों में तापमान 45 से 46 डिग्री तक तापमान था एवं इस बार 17 जनवरी के बाद से ठंड बिल्कुल गायब होते जा रही है।
ग्राम बांधा के समीप जंगल क्षेत्र में कटाई- इंसान लगातार जंगलों को अपने स्वार्थ के चलते साफ करता जा रहा है, और इसका जीता जागता उदाहरण तखतपुर से लगे ग्राम बांधा के आगे जंगल क्षेत्र का है। यहां आसपास के ग्रामीण जंगलों से प्रतिदिन बड़े-बड़े पेड़ काटकर लाते है एवं उनका उपयोग जलाऊ लकड़ी के रूप में करते हैं, साथ ही इसे बाजार में भी बेचते हैं। प्रतिदिन कट रहे पेड़ों से जहां एक ओर जंगल का एक भाग साफ होता दिख रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र का तापमान भी बदल रहा है। यहां पेड़ों की कटाई पिछले कई सालों से अनवरत होते आ रही है, जिसके राकना आवश्यक है। इसके लिए वन विभाग भी जिम्मेदार है, जिसने इस पर संज्ञान नहीं लिया कोई कार्रवाई नहीं की।

## एसएसपी ने दुर्गा प्रसाद को किया सम्मानित



**मस्तूरी।** बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें युवा पत्रकार दुर्गा प्रसाद प्रजापति को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें बिलासपुर जिले के मस्तूरी निवासी होने के साथ ही जनहित से जुड़ी खबरें प्रकाशित करने और समाज सेवा के कार्यों के लिए दिया गया। रजनेश सिंह ने सम्मान पत्र देते हुए कहा कि, पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक समाज, सरकार और जनता के बीच एक सेतु का कार्य करती है। निस्वार्थ एवं निष्पक्ष समाचार प्रकाशित कर पत्रकार समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गा प्रसाद प्रजापति ने बिलासपुर में पुलिस विभाग की जनहित योजनाओं, कार्यक्रमों और कार्यों की जानकारी फोटो सहित प्रकाशित कर समाज में जागरूकता और सकारात्मकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रश्मित कौर चावला, एसडीओपी लालचंद मोहल्ले, पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रमुख निरीक्षक बृजलाल साहू, पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी ओंकारधर दीवान, लेखक राजेश पांडे, राजा महिलांगे, शिवम पांडे और आकाश केवट भी मौजूद थे।

## खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार जारी



खरीदी केन्द्रों में धान का उठाव।

**मुंगेली।** जिले की 66 समितियों के 105 खरीदी केन्द्रों में 1 लाख 10 हजार 900 से अधिक किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 90 हजार से अधिक किसानों ने धान का विक्रय किया है। जिले में कुल 43 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी की जा चुकी है, जिसमें मोटा 23 लाख 72 हजार 486 क्विंटल, पतला 134 क्विंटल एवं सरना 18 लाख 95 हजार 496 क्विंटल शामिल है। उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव लगातार जारी है और अब तक 27 लाख 85 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है।

जिले के 105 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से जारी है। किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए जिले की सभी समितियों में खरीदी लिमिट में वृद्धि की गई है। साथ ही प्रतिदिन खरीदी की सीमा भी बढ़ा दी गई है, जिससे खरीदी कार्य तेज और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि, शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित है। टोकन काटने की प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी है और किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक समस्या नहीं हो रही है। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले की 66 समितियों के 105 खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार जारी है। अब तक 27 लाख 85 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। धान विक्रय करने वाले किसानों को माइक्रो एटीएम एवं चेक के माध्यम से त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। अब तक किसानों को 994 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। प्रतिदिन लगभग 3 हजार किसानों को करीब 12 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर चौकसी बढ़ाई गई है। संदिग्ध वाहनों एवं परिवहन गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कोचियों एवं बिचौलियों के माध्यम से अवैध धान खपाने पर रोक लगाने के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है, जिससे खरीदी, भंडारण एवं परिवहन की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है।

## अज्ञात बदमाशों ने किसानों की 2 बाइक में लगाई आग



घटना स्थल पर जली हुई मोटर सायकिल।

**मुंगेली।** सब्जी बाड़ी में काम करने गए किसानों की मोटर सायकल को अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। मोटर सायकल जलने से लगभग 1 लाख रूपए नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

■ करीब 1 लाख के नुकसान का अनुमान जुर्म दर्ज

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के संगवाकापा निवासी भागीरथी साहू पिता रामदयाल साहू उम्र 40 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 17 जनवरी को दोपहर 3 बजे वे अपनी मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो सीजी 28 पी 6693 एवं उनका बेटा रवि साहू मोटर सायकल हीरो पेशन प्रो सीजी 10 ईजे 0411 से सब्जी बाड़ी गए थे। दोनों बाप बेटे अपनी-अपनी मोटर सायकल को बाड़ी के पास सड़क किनारे खड़ी कर बाड़ी में काम करने चले गए। शाम करीब 4 बजे उन्होंने बाड़ी के पास धुंआ उठते देखा एवं कुछ फटने की आवाज सुनी। इस पर भागीरथी ने बेटे के साथ जाकर देखा तो उनकी दोनों मोटर सायकल पूरी तरह जल चुकी थी। इसी दौरान वहां पर काम करने वाले सोनू साहू, गोरेलाल साहू, लक्ष्मण साहू आए और मोटर सायकल के जलने से करीब 1 लाख रूपए का नुकसान होना बताया गया है।

सूचना पर पुलिस आगजनी का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अति. न्यायाधीश मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)**

कु. मानसी वगैरह ...........वादीगण
प्रति
आम जनता + 1 अन्य ........प्रतिवादीगण
व्य वाद क्रमांक 88 अ/2023
पेशी तारीख – 06/02/26
प्रोसेस क्रमांक 02/26

**समंस/नोटिस**
**(आदेश 5 नियम 20 व्य.प्र.संहिता)**

आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है,
इस न्यायालय में वादीगण ने माननीय न्यायालय के समक्ष वादी क्र.1 मानसी टंडन का नाम मानसी टंडन (Mansi Tandan) पिता साधराम टडन (Sadhram Tandan) तथा माता का नाम संगीता टडन (Sangeeta Tandan) है तथा वादी क्र.2 हिमांशु टंडन का नाम हिमांश टंडन (Himanshu Tandan) पिता साधराम टंडन (Sadhram Tandan) तथा माता का नाम संगीता टंडन (Sangeeta Tandan) है की उद्घोषणा बाबत् वाद प्रस्तुत किये हैं। जिसमें पेशी तिथि 06/02/26 को नियत है। अतः आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है। आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा में संबंध दस्तावेज एवं जवाबदावा प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, उक्त पेशी तिथि अवकाश होने पर आगामी कार्यदिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 12/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर जारी किया गया है। जारी तारीख – 12/01/26
स्थान – मुंगेली

(कु. नारायणी कच्छप)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अति. न्यायाधीश मुंगेली, जिला मुंगेली छ.ग.

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### स्टेशन में उतरते ही महिला की मौत

बिलासपुर। रेलवे स्टेशन में ट्रेन पहुंचने के बाद जैसे ही महिला यात्री को उतारा गया, वैसे ही उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार महुआ बलरामपुर निवासी 35 वर्षीय संगीता बरवा अपने पति रामधारी कुर्रे के साथ बीमारी का उपचार कराने के लिए मुम्बई गई हुई थी। मुम्बई ने महिला का उपचार करने के बाद उन्हें वापस कर दिया था। इस दौरान महिला का पति रामधारी कुर्रे कार पेंटर का काम कर रहा था। अपनी पत्नी का उपचार कराने के बाद रामधारी कुर्रे छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मुम्बई-हावड़ा मेल से वापस बिलासपुर जनरल कोच में सफर कर रहा था। ट्रेन के भाटापारा स्टेशन पहुंचने के बाद रामधारी ने अपनी पत्नी को समोसा खिलाया, जिसके बाद वे सो गईं। रामधारी ने कई बार अपनी पत्नी को आवाज लगाई, लेकिन वे नहीं उठ सकीं। इस दौरान उनकी सांस चल रही थी। वहीं जानकारी मिलते ही जीआरपी और डॉक्टरों की टीम स्टेशन पर मौजूद थी। ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचते ही महिला को जैसे ही उतारा गया, उनकी मौत हो गई। डॉक्टर ने भी जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। रविवार को मृतका का शव पंचनामा और पोस्टमार्टम कार्रवाई करने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप मर्ग कायम कर लिया गया।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



बिलासपुर। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, ग्राम पेंडारी निवासी शशिकांत कौशिक पिता रामबिलास कौशिक 19 साल 18 जनवरी को सुबह 11 बजे अपने घर से बाइक क्रमांक सीजी 10 सीए, 3441 से निकले थे। सैदा तिवारीपारा नेशनल हाइवे में अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में श्री कौशिक की मौके पर ही मौत हो गई और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनाम कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

---

**पिछले साल लेक्चरर ही पकड़ी गई थी नकल कराते हुए** | **उड़नदस्ता दल भी हो गया था फेल, इस बार भी सख्ती नहीं, एक भी सेंटर संवेदनशील नहीं**

# शिक्षा विभाग ने माना, जिला हो गया बोर्ड परीक्षाओं में नकलमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग ने यह मान लिया है कि बोर्ड परीक्षाओं में बिलासपुर जिले में नकल नहीं होती है। इसलिए ही तो इस बार 10 वीं 12 वीं की परीक्षाओं के लिए जो 131 सेंटर बनाए गए हैं उसमें एक भी संवेदनशील या अतिसंवेदनशील नहीं है।

शिक्षा विभाग ने हालांकि उड़नदस्ता जरूर बनाया है। यह क्यों बना है इसके बारे में कोई नहीं बता रहा है। उधर यह भी तय किया गया है कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब परीक्षा केंद्र सिर्फ सरकारी स्कूलों में ही बनाए जाएंगे। निजी स्कूलों के परीक्षा केंद्रों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर उन्हें सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। हालांकि जिन क्षेत्रों में 3-4 किलोमीटर के दायरे में कोई शासकीय स्कूल उपलब्ध नहीं होगा, वहां नजदीकी निजी स्कूल को अस्थायी रूप से परीक्षा केंद्र बनाए जाने की छूट दी गई है। गौरतलह है कि पिछले साल भी जिले में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए 6 उड़नदस्ता दल का गठन किया था। जिसमें 36 अधिकारी शामिल थे। उन्हें परीक्षा के दौरान जिले में एक भी नकलची छात्र नहीं मिले। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शहर से लगे उसलापुर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में एक महिला लेक्चरर को नकल कराते रंगे हाथों जरूर पकड़ा था। जिसे बाद में डीपीआई ने सस्पेंड कर दिया था। अब इस साल परीक्षा के लिए जो 131 सेंटर बनाए गए हैं उसमें से एक भी संवेदनशील या अतिसंवेदनशील नहीं है।

विभाग का कहना है कि मस्तूरी क्षेत्र के जिन सेंटरों में नकल की लगातार शिकायत मिलती थी उन्हें पहले ही बंद कर दिया गया है। इसके अलावा पिछले कुछ सालों में नकल की शिकायत नहीं के बराबर हैं और प्रकरण भी नहीं बने हैं। जाहिर है विभाग का मानना है कि जिला पूरी तरह नकल से मुक्त हो गया है।

### 6 उड़नदस्ता दल एक भी प्रकरण नहीं

पिछले साल हुई बोर्ड परीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में नकल रोकने के लिए 6 उड़नदस्ता दल बनाए थे। इसमें हर दल में 6 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। उन्हें परीक्षा केंद्रों की निगरानी करने की जिम्मेदारियां दी गई थी। लेकिन, हैरानी की बात है कि जिले के एक भी दल को किसी भी परीक्षा केंद्र में एक भी नकलची छात्र नहीं मिले। हालांकि बोर्ड परीक्षा के दौरान 17 मार्च 2024 को लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने जिले के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया था। इस दिन दसवीं बोर्ड की सामाजिक अध्ययन विषय की परीक्षाएं चल रहीं थी। तखतपुर विकासखंड के उसलापुर स्थित गवर्नमेंट हायर-सेकेंडरी स्कूल में ड्यूटी करने वाली लेक्चरर कक्ष क्रमांक 5 में स्टूडेंट को प्रिंटेड नकल सामग्री देते हुए पकड़ी गई।

### फैक्ट फाइल




- जिले में 10 वीं में कुल परीक्षार्थी - 22292
- जिले में 12 वीं में कुल परीक्षार्थी- 14072
- जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए सेंटर- 131

### वाहवाही लूटी लेकिन कार्यप्रणाली पर सवाल

हालांकि बोर्ड परीक्षा में लेक्चरर के नकल कराने का मामला सामने आने के बाद अब शिक्षा विभाग भी सवालों के घेरे में आ गया है। कहा जा रहा है कि परीक्षा के बाद विभाग के अधिकारियों ने जिले में एक भी नकल प्रकरण नहीं बनने के नाम पर वाहवाही लूट थी। वहीं, उड़नदस्ता दल के कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहा है। कहा जा रहा है कि जब स्कूल में टीचर नकल करा रही थी, तब स्थानीय टीम को यह सब पता कैसे नहीं चला। जाहिर है उडनदस्ता दल के साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपना काम सही तरीके से नहीं किया और जानबूझकर नकल की छूट दी गई।

### उड़नदस्ता गठित होगा

इस बार 10 वीं 12 वीं की परीक्षाओं के लिए जो 131 सेंटर बनाए गए हैं उसमें एक भी संवेदनशील या अतिसंवेदनशील नहीं है। नकल पर रोक के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया जाएगा।

**- विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

---

**जागरूकता अभियान के बाद भी ट्रैफिक नियमों को तोड़ रहे नाबालिग वाहन चालक**

# ट्रैफिक नियम ताक पर, शहर में स्कूली बच्चे तेज रफ्तार बाइक में मार रहे फर्राटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर जान जोखिम में डालते हुए नाबालिग व स्कूली बच्चे कीमती तेज रफ्तार बाइक में फर्राटे मार रहे हैं। नाबालिग वाहन सवारों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

ट्रैफिक पुलिस के द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाते हुए शहर एवं ग्रामीण इलाकों के स्कूल, कोचिंग सेंटर में क्लास लेकर छात्र छात्राओं को 18 साल से कम उम्र होने पर बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने की सलाह दी जा रही है, सभी को ट्रैफिम नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक भी किया जा रहा है। उसके बावजूद नाबालिग बेखौफ होकर बिना लाइसेंस के कीमती तेज रफ्तार बाइक में फर्राटे मार रहे हैं। आलम यह है कि शहर के सभी स्कूलों में अधिकांश बच्चे तेज रफ्तार बाइक, बुलेट में स्कूल आना जाना कर रहे हैं। ड्रेस में स्कूली बच्चे आसानी से शहर के चौक चौराहे से वाहन से निकल जाते हैं। ड्यूटी में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के द्वारा उन्हें रोककर समझाइश तक नहीं दी जा रही है। लगातार हादसे के बाद भी पुलिस प्रशासन नाबालिगों के द्वारा वाहन चलाने पर रोक नहीं लगा पा रही है।




नेहरू चौक से सीपत रोड की ओर तीन सवारी स्कूटी दौड़ाती महिला पुलिस।

**परिजन दे रहे हाईस्पीड बाइकः** ट्रैफिक नियमों को तार तार करते हुए परिजन अपने नाबालिग बच्चों को हाईस्पीड बाइक दे रहे है। उनके ही रजामंदी से नाबालिग बच्चे हाईस्पीड बाइक से स्कूल आना जाना कर रहे है। इसके अलावा उसी बाइक से दोस्तों के साथ घूमकर रेसिंग व स्टंट कर रहे है।

**तीन सवारी घूम रहे बच्चेः** छुट्टी होने के बाद स्कूल के आसपास पर स्कूली ड्रेस में छात्रों को तीन सवारी बिना हेलमेट के बुलेट सहित अन्य हाई स्पीड बाइक में फर्राट मारते देखना आमबात हो गई है। इसमें छात्राएं भी पीछे नहीं हैं, तीन सवारी गाड़ी चलाते देखना आमबात है। इसी बच्चे मोबाइल में बात करते हुए बाइक, स्कूटी चलाते नजर आ रहे है।

### स्कूलों में नहीं लग रहा प्रतिबंध

पूर्व में पुलिस प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक लेकर स्कूली बच्चों को बाइक व स्कूली लेकर आने से प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया गया था। उसके बावजूद स्कूली बच्चे बेखौफ बुलेट, हाईस्पीड बाइक, स्कूटी से स्कूल आ रहे हैं।

### वाहन मालिक व नाबालिग दोनों बनते हैं आरोपी

अभियान चलाकर स्कूलों के पास वाहन चेकिंग कर नाबालिगों को पकड़कर कार्रवाई की जाती है। नाबालिग बच्चों के द्वारा कोई दुर्घटनाकारित करने पर नाबालिग व वाहन मालिक को आरोपी बनता है। दोनों के खिलाफ पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जाती है।

**-रामगोपाल करियारे,** ट्रैफिक एडीशनल एसपी







---

# परिवहन विभाग की जांच, 93 बसें अनफिट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने शैक्षणिक संस्थाओं में संचालित होने वाले स्कूल बसों की मैकेनिकल व वाहन प्रपत्रों की जांच रविवार को की, इस दौरान 233 स्कूल बसें पहुंचीं, जिनमें 93 बसें को परिवहन विभाग के अधिकारियों को कमी नजर आई, अधिकारियों ने 93 बसों को अनफिट करार दिया और 3 दिनों में कमियों को पूरा करने का आदेश जारी कर दिया है।

- 3 दिन में दुरूस्त कर देनी होगी जानकारी

बहतराई स्टेडियम में परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों की मैकेनिकल एवं वाहन प्रपत्रों की जांच शिविर आयोजित की गई। चालकों व परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। विभाग के समक्ष अधिकारी, पुलिस विभाग, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। यहां 233 स्कूल बस मैकेनिकल के लिए आई, जिसमें 140 स्कूल बसें निर्धारित मापदण्ड में सही पाई गई। वहीं 93 बसें अनफिट मिली। 93 बसों में से 18 में प्रदूषण प्रमाण पत्र, 37 अग्निशमन, 12 ड्रायविंग लायसेंस, 2 बीमाविहीन , 1 फिटनेस, 3 लंबित टैक्स, 10 प्राथमिक उपचार पेटी, 3 सीसीटीव्ही जैसी कमियां पाई गई। आरटीओ ने बसों की कमियों को देखते हुए संचालकों को 3 दिन के भीतर सुधार करने के निर्देश दिए है। इस दौरान परिवहन विभाग के योगेश्वर प्रसाद टंडन, संतन देव जोगी, वेदराम साहू, करन सोनी, रामगोपाल यादव व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ड्राइवर और स्टॉफ का परीक्षण

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 233 वाहन ड्राइवर व बस स्टाफ का नेत्र परीक्षण एवं बीपी, शुगर जांच किया गया। इस दौरान 26 में शुगर की बीमारी पाई गई और 21 लोगों में बीपी की समस्या थी। 9 लोग ऐसे मिले जिनमें चर्मरोग व अन्य सामान्य बीमारियां पाई गई।

### होगी ब्लैकलिस्ट, किया जाएगा परमिट निरस्त

आरटीओ असीम माथुर ने कहा कि निर्धारित मापदण्डों के अनुसार वाहन का संचालन नहीं करने पर संचालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस दौरान ब्लैकलिस्ट एवं परमिट निरस्त करने जैसे बड़े निर्णय लिए जा सकते है। उन्होंने कहा कि 3 दिन के भीतर कमियों को पूरा कर कार्यालय में सूचना देने के लिए कहा गया है। इसके बाद स्कूल में पहुंच कर जांच की जाएगी।

---

# अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू, हंसिया से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू, हंसिया से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम निवासी प्रमोद दास मानिकपुरी उर्फ मखना 17 जनवरी को शाम 5.30 बजे घर से जा रहे थे। इसी दौरान संजय सोनकर उर्फ जरहा ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी गर्दन में चोट आई है। दूसरी घटना में तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द अटल आवास निवासी रेहाना किन्नर के पति वरून महानंद ने बार बार फोन करने की बात पर गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे हाथ की कलाई में चोट आई है। तीसरी घटना में सकरी पुलिस के अनुसार, बंधवापारा निवासी नंदनी यादव 17 जनवरी को घर में काम कर रही थी।

इसी दौरान उनके पति दीपक यादव ने शराब पीकर घर आया और गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मना करने पर उसने पत्नी नंदनी पर हसिया से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने तीनों मामले में अपराध कायम कर लिया है।

**हरिभूमि** बिलासपुर नं. 1 **आवश्यक सूचना**

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार **हरिभूमि** के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# अंधे कत्ल का पर्दाफाश, 3 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर नकद रकम, मोबाइल लूटने के बाद चाकू मारकर खलासी के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में एसीसीयू टीम को बड़ी सफलता मिल गई है। टीम ने लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पकड़कर लूटे गए मोबाइल, नकद रकम जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया, 17 अगस्त 2025 को कोरिया बैकुंठपुर निवासी ड्राइवर राज सिंह खलासी अनूपपुर भालूमाड़ा पपारी निवासी पारसनाथ केंवट पिता स्व. लालमन केंवट 52 साल के साथ अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री से गाड़ी सीमेंट लोडकर जा रहे थे। रात 4.30 बजे कोनी गतौरी के पास टायर फट जाने से खलासी नीचे में टायर बदल रहा था और वह केबिन में सो गए। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार 3 लोग तलवार, चाकू से लैस होकर आए और खलासी के पास मारपीट करते हुए केबिन में चढ़कर उनके साथ मारपीट करते हुए 11 हजार रुपए नकद, मोबाइल लूट लिया।

खलासी पारसनाथ केंवट ने बीच बचाव किया तो उस पर चाकू से हमला कर भाग गए थे। 23 अगस्त को खलासी पारसनाथ केंवट की मौत हो गई थी। कोतमा से डायरी आने पर 15 जनवरी 2026 को कोनी पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। एसएसपी श्री सिंह के निर्देश पर एसीसीयू टीम अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गए थे। प्रभारी हेमंत आदित्य ने पूर्व में हाइवे में लूटपाट करने वाले अपराधियों का रिकार्ड खंगाला गया। उसके आधार पर उन्होने टीम के साथ घेराबंदी कर तीन संदेहियों को पकड़कर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर तीनों से ट्रक ड्राइवर व खलासी से मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला करना स्वीकर कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल, नकद रकम वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### एक सप्ताह पहले से जेल से छूटे

पुराना रिकार्ड खंगालने के बाद एसीसीयू टीम संदेही तिफरा निवासी जय दिवाकर पिता बबला दिवाकर के घर के पास घात लगाकर तैनात हो गए थे। रात के अंधेरे में वह अपने घर आया तो टीम ने घेरकर उसे पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर लूट करने के बाद खलासी पर चाकू से हमला करना स्वीकार कर लिया। उक्त घटना के बाद उसने साथियों के साथ सिमगा में चाकू अड़ाकर लूट के मामले में जेल चला गया था। एक सप्ताह पहले ही जेल से जमानत पर छूट कर घर आया था।

### हिर्री, चकरभाठा में भी लूट

पकड़े गए आरोपियों ने कड़ाई से पूछताछ करने पर चकरभाठा थाना क अपराध क्रमांक 5/ 2026 धारा 304, 2 व हिर्री थाना के अपराध क्रमांक 64 / 2025 धारा 309, 4 के प्राथियों के साथ मारपीट कर लूटपाट करना स्वीकार किया है। चकरभाठा व हिर्री पुलिस के द्वारा पृथक से आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### पकड़े गए आरोपी

- जय दिवाकर पिता बबला दिवाकर 20 साल बजरंग नगर आवासपारा तिफरा
- सूरज साहू पिता सुरेश साहू 20 साल राम मंदिर के पास तिफरा
- प्रदीप धूरी पिता परसराम धूरी 19 साल मन्नाडोल तिफरा

# पकड़े गए कट्टा अड़ाकर लूटपाट करने वाले तीन लुटेरे

बिलासपुर। एसीसीयू टीम ने कट्टे की नोंक पर पेट्रोलपंप में कर्मचारी से नकद रकम लूटने वाले तीन लुटेरों को पकड़ लिया है। पुलिस ने तीनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, 11 जनवरी की रात 11 बजे रतनपुर जाली स्थित बीबी पेट्रोल पंप के सेल्समेन बसंत कुमार कैवर्त अकेले ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान बिना नम्बर के पल्सर में तीन 3 लड़के आए और एक हजार का पेट्रोल भरने के लिए कहा। पेट्रोल डालने के बाद युवक पेमेंट करने के लिए स्कैन करने के लिए उसके पास आए। सेल्समैन को धक्का मारकर एक युवक कट्टा अड़ाकर बिक्री रकम 10 से 15 हजार रुपए लूटकर बाइक से भाग गए थे। एसीसीयू टीम पतासाजी कर रहे थे। ट्रक ड्राइवर से लूट कर खलासी के हत्या के मामले में पकड़े गए आरोपियों को पल्सर दिखाकर पूछताछ की गई तो उसने बताया, पाली निवासी वेद प्रकाश वैष्णों की है पहले वह सिरगिट्टी में रहकर इसी पल्सर में घूमता था। उसके आधार पर टीम ने वेद प्रकाश व उसके अन्य दो साथियों को पकड़कर पूछताछ की तो तीनों ने पेट्रोलपंप कर्मी से लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, एक चाकू, 3 मोबाइल, 2500 रुपए नकद बरामद किया है।



### पकड़े गए आरोपी

- वेद प्रकाश वैष्णों पिता कृष्णा दास 23 साल कोरबी हरदीबाजार पाली
- अभिषेक प्रजापति पिता स्व. फगुलाल प्रजापति 22 साल पाली कुम्हारपारा
- कपिल पटेल पिता दिलहरन पटेल 21 साल उदयनगर पाली

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
**आशीर्वाद**
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
**गंगा सागर यात्रा**
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411